हरिभूमि
रायपुर भूमि





# दो हाइड्रोलिक पार्किंग, कम जगह, ज्यादा पार्किंग...लिफ्ट कर खड़ी की जा रहीं कारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ निगम मुख्यालय में शुरू, पंडरी में तैयार हो रहा

मेट्रो सिटी की तर्ज पर राजधानी रायपुर में नगर निगम द्वारा दो स्थानों पर कम स्पेस में स्वचालित हाइड्रोलिक पार्किंग स्थल बनाया जा रहा है। इसमें से निगम मुख्यालय परिसर में 12 चारपहिया वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग के लिए हाइड्रोलिक पार्किंग बनकर तैयार है। नगर निगम के अधिकारी इस पार्किंग में अपनी गाड़ियां पार्क करने लगे हैं। शहर का दूसरा हाइड्रोलिक पार्किंग पंडरी के महालक्ष्मी मार्केट में बनाया जा रहा है। 60 लाख की लागत से 24 चारपहिया वाहनों की पार्किंग सुविधा इसमें रहेगी। नगर निगम के योजना शाखा ने इस कार्य के लिए सालासार इंफोटेक एजेंसी के साथ अनुबंध किया है। पार्किंग की समस्या से जूझ रही राजधानी में नगर निगम द्वारा कम स्पेस में महानगरों की तर्ज पर हाइड्रोलिक पार्किंग स्थल विकसित कराया जा रहा है। शुरुआत में ▶▶|शेष पेज 13 पर



### कर्मचारी-अधिकारियों के लिए निशुल्क

विभागीय कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए यहां वाहन पार्किंग की निःशुल्क सुविधा है। हाइड्रोलिक पार्किंग में 12 चारपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए स्पेस सुरक्षित रखा गया है। वहीं पंडरी कपड़ा मार्केट में 24 चारपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए हाइड्रोलिक पार्किंग स्थल तैयार करने का काम शुरू किया गया है। इससे पंडरी के व्यापारियों और कपड़ा मार्केट में आने-जाने वाले लोगों को चारपहिया वाहन की पार्किंग में आसानी होगी।

## खबर संक्षेप

### बेटी के अपहरण की एसपी से शिकायत

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र के भरेंगाभाठा में रहने वाली एक महिला ने दो लोगों के खिलाफ अपनी 15 साल की बेटी का अपहरण कर उसके साथ आपराधिक कृत्य की कोशिश करने की एसपी के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई है। कामिनी कौशल गोस्वामी ने बलवंत तथा मनीष राजपूत के खिलाफ शिकायत की है। महिला ने आरोप लगाया कि बलवंत तथा मनीष उसकी पट्टे वाली जमीन कब्जा करना चाहते हैं। कब्जा करने में नाकाम होने पर दोनों ने उसकी बेटी का मुंह दबोचकर ले जाने की कोशिश की। शोर मचाने पर कामिनी अपनी बेटी के बचाने पहुंची। महिला का कहना है कि इस दौरान बलवंत तथा मनीष ने सब्बल दिखाकर उन्हें धमकाने तथा जान से मारने की धमकी दी।

### ड्रंक एंड ड्राइव जांच 50 वाहन किए जब्त

**रायपुर।** ट्रैफिक पुलिस ने शहर के नौ अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रविवार को अभियान चलाकर ड्रंक एंड ड्राइव के केस में 50 वाहन चालकों को नशे की हालत में गाड़ी चलाते पकड़ा। ट्रैफिक पुलिस ने तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका, भाठागांव, टाटीबंध, कालीबाड़ी, जय स्तंभ, भनपुरी एवं पंडरी थाने के सामने टीम बनाकर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाते 35 कार, 2 ई-रिक्शा, ऑटो, 6 मोटर साइकिल, 4 टाटा एस. एवं 3 ट्रैक्टर, ट्रक चालकों को नशे की हालत में गाड़ी चलाते पकड़ा।

### गांजा के साथ तस्कर जनरैल गिरफ्तार



**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक तस्कर को चार किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुकुरबेड़ा निवासी जनरैल सिंह को गांजा के साथ धर-दबोचा। जनरैल सिंह गांजा बेचने की फिराक में हवाई अड्डे के पास ग्राहक तलाश रहा था। जनरैल के पास कहां से गांजा आया, पुलिस इस बात की जानकारी जुटाकर गांजा उपलब्ध कराने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### घूम-घूमकर शराब बेचते धरा गया कोचिया



**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक कोचिया को घूम-घूम कर लोगों को घर पहुंचाकर शराब बेचते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब बेचने के आरोप में जोरापारा निवासी मयंक सोनवानी को धर-दबोचा। पुलिस ने मयंक के कब्जे से पौने छह लीटर शराब जब्त की है। मयंक को पुलिस ने कुशालपुर के पास घूम-घूम कर शराब बेचते गिरफ्तार किया है।

45 दिन के लिए मेनुवल सफाई के लिए 350 सफाई कर्मचारी का अलग से हुआ है ठेका

# बड़े नालों की सफाई का दूसरा राउंड पूरा होने का दावा हकीकत में कुछ इलाकों में पहला राउंड तक शुरू नहीं



कहीं डीजल का टोटा, कहीं वेटिंग में नाला सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

बारिश पूर्व नाला सफाई को लेकर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी का दावा है कि बड़े नालों की दो राउंड की सफाई पूरी हो चुकी है, तीसरा राउंड जल्द शुरू होगा, जबकि शहर के कई इलाके ऐसे हैं जहां बड़े नाले की सफाई का पहला राउंड भी अभी शुरू नहीं हो पाया है, इसका प्रमुख कारण नाला सफाई की पोकलेन मशीन समय पर उपलब्ध नहीं होना है। कुछ इलाकों में डीजल का टोटा बताकर पोकलेन मशीन नहीं भेजा जा रहा है। हालत ये है कि जून माह का पहला पखवाड़ा बीतने के बाद भी शहर के 100 से अधिक बड़े नालों के दूसरे राउंड की सफाई का काम पूरा नहीं हो पाया है। नाला सफाई की यही ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बड़े नालों की सफाई संसाधनों पर एक नजर

- नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के पास केवल 2 बड़ी पोकलेन मशीन और 6 छोटी मशीन
- दस जोन के 70 वार्डो में 100 से अधिक बड़े नाले
- मेनुवल सफाई के लिए दस जोन हिसाब से 350 सफाई कर्मचारियों का 45 दिन के लिए हुआ है ठेका
- बड़े नालों की सफाई के लिए किराए के पोकलेन से सफाई : चार जोन में – जोन 5, 7,8,9

**केस 1**

### बोरिया तालाब के सामने शाश्वत नगर गली का बड़ा नाला



कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड स्थित बोरिया तालाब के सामने से शाश्वत नगर गली वाले बड़े नाला के पहले राउंड की सफाई अब तक शुरू नहीं हुई है। नाला सफाई के लिए पोकलेन मशीन उपलब्ध कराने वार्ड पार्षद सुषमा-तिलक साहू ने जोन और निगम मुख्यालय में संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कर प्रयास भी किया पर मशीन समय पर उपलब्ध नहीं होने से ▶▶|शेष पेज 13 पर

**केस 2**



### डूमतराई तालाब मेन रोड बड़े नाला के लिए मशीन का इंतजार

नगर निगम जोन 10 क्षेत्र स्थित बाबू जगजीवन राम वार्ड के डूमतराई तालाब मेन रोड वाले बड़े नाला की सफाई के लिए नगर निगम से अब तक पोकलेन मशीन नहीं मिल पाई है। इसके चलते नाला सफाई शुरू नहीं हुआ है। वार्ड पार्षद मनोज जांगड़े का कहना है कि बारिश पूर्व नाला सफाई के लिए मुख्यालय और जोन वाले पोकलेन मशीन नहीं भेज रहे, इसके लिए इंतजार करने कहा जा रहा है। डूमतराई तालाब मेन रोड के बड़े नाला में भारी मात्रा में गंदगी, जलीय वनस्पति और कूड़ा भरा हुआ है। इसकी तले तक सफाई कराना बेहद जरूरी है, ऐसा नही हुआ तो बारिश के पानी के साथ नाले की ▶▶|शेष पेज 13 पर

**केस 3**

### शहीद राजीव पांडे वार्ड मार्बल लाइन वाला बड़ा नाला



नगर निगम जोन 6 के शहीद राजीव पांडे वार्ड में धरमनगर, छत्तीसगढ़ नगर से पचपेड़ी नाका रिंग रोड होते हुए मार्बल लाइन वाले बड़े नाला की इस बार मेनुवल व मशीन से सफाई समुचित रूप से नहीं होने से नाले में मार्बल के टुकड़े, प्लास्टिक पन्नी, डिस्पोजल, फेवीकॉल के टुकड़ें,मलबा और भारी मात्रा में गंदगी जमा है। नाला सफाई में कोताही से ▶▶|शेष पेज 13 पर

# 400 यूनिट तक खपत पर 200 यूनिट पर बिजली बिल हाफ का मिलता रहेगा लाभ

*विलंब से बिलों का भुगतान करने पर अब प्रति दिन के हिसाब से शुल्क से मिलेगी राहत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर ने कहा, प्रदेश के जिन भी घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक की खपत में 200 यूनिट पर बिजली बिल हाफ होता है, उसका लाभ नए टैरिफ के लागू होने के बाद भी मिलता रहेगा। इसी के साथ नए टैरिफ में और कुछ राहतें भी दी गई है। बिजली बिलों का विलंब से भुगतान करने पर अब प्रति दिन के हिसाब से शुल्क लगेगा।

श्री कंवर ने बताया, प्रदेश में मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान के तहत 400 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को 200 यूनिट की खपत पर हाफ बिजली बिल का लाभ दिया जा रहा है और यह निम्न आय वर्गीय उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं की श्रेणी में औसतन 15 पैसे से 20 पैसे की वृद्धि होगी। विद्युत दरों में वृद्धि के बावजूद ये दरें झारखण्ड, मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्य की विद्युत दरों से कम हैं।

उन्होंने कहा, घरेलू श्रेणी के सभी उपभोक्ता, पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत सोलर प्लांट लगाकर अपनी खपत को 400 यूनिट के भीतर सीमित कर सकते हैं एवं कई उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य भी हो जा रहा है।

### ऊर्जा प्रभार पर 20 पैसे प्रति यूनिट की छूट

श्री कंवर ने बताया, बस्तर एवं सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण में स्थित विद्यार्थियों के हॉस्टल, जो शासकीय अथवा प्राइवेट दोनों ही श्रेणियों के हैं, उनके विद्युत दरों को व्यवसायिक श्रेणी से घरेलू श्रेणी में शामिल कर राहत प्रदान की गई है। आयोग द्वारा बिजली बिलों का विलंब से भुगतान अधिभार, जो कि वर्तमान में 1.5 प्रतिशत प्रति माह है, उसे 0.04 प्रतिशत प्रति दिन किया गया है। इस प्रकार विलंब की अवधि मात्र का ही अतिरिक्त भुगतान उपभोक्ताओं द्वारा किया जाना होगा। घरेलू एवं गैर-घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को जिनका स्वीकृत भार 10 किलोवाट से अधिक है, उन्हें ऑफ पीक अवधि (सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक) की खपत पर ऊर्जा प्रभार पर 20 पैसे प्रति यूनिट की छूट प्रदान की गई है।

# परीक्षा है या मजाक? रविवि ने पांचवी बार बदली समय-सारिणी

■ मोहर्रम के दिन रविवि ने रख थी परीक्षा, नई तिथि भी गड़बड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने एक बार फिर अपने समय-सारिणी में बदलाव कर दिया है। रविवि द्वारा आयोजित की जा रही मई-जून की सेमेस्टर परीक्षा में यह पांचवी बार है, जब रविवि द्वारा टाइम-टेबल बदला गया है। इस बार बीकॉम, बीबीए, बीएससी, बीसीए सहित बीकॉम बीएड की परीक्षा में बदलाव किया गया है। इन विषयों के चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा पूर्व में 26 जून को आयोजित की गई थी। इस दिन मोहर्रम ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पुराने आधार पर तैयारी

थोक में हो रहे बदलावों से छात्र हलाकान हो गए हैं। वहीं महाविद्यालय प्रबंधन भी छात्रों को संशोधित सूचना प्रदान करते-करते थक गए हैं। कई बार छात्रों के पास संशोधित समय-सारिणी नहीं पहुंच पाने की स्थिति में वे पुरानी तिथियों में ही परीक्षा दिलाने केंद्र पहुंच जा रहे हैं।

# रेलवे स्टेशन पर महिला से मारपीट, पेट पर मारी लातें, वीडियो वायरल, जीआरपी ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ शनिवार रात की बताई जा रही घटना मदद के बजाय देखते रहे लोग

राजधानी के रेलवे स्टेशन परिसर में एक महिला के साथ कुछ युवकों द्वारा की गई बेदम पिटाई का वीडियो सोमवार से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में असामाजिक तत्व महिला के बाल पकड़कर उसे सड़क पर घसीटते, पेट पर लात मारते और घूंसों से बुरी तरह पीटते हुए नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना शनिवार रात की है। वीडियो सामने आने पर शासकीय रेलवे पुलिस ने मामले को संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। हैरानी की बात यह है कि जब यह घटना हुई, उस दौरान सड़क पर कई अन्य लोग भी मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी बीच-बचाव करने या महिला को बचाने की कोशिश नहीं की। वीडियो में साफ दिख रहा है कि महिला खुद को बचाने का प्रयास करते हुए चीखती-चिल्लाती रही और युवक उसे लगातार पीटते रहे, जबकि कुछ लोग मदद करने के बजाय सिर्फ वीडियो बनाते नजर आए।



### मारपीट की वजह स्पष्ट नहीं, जीआरपी की जांच तेज

फिलहाल महिला और युवकों के बीच विवाद की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। दोनों के बीच किस बात को लेकर झगड़ा हुआ और बात इतनी मारपीट तक कैसे पहुंच गई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। जीआरपी इस बात की भी गहनता से जांच कर रही है कि रात के समय महिला किस वजह से स्टेशन पहुंची थी और मारपीट करने वाले युवक कौन थे। बता दें कि स्टेशन परिसर में रात के समय असामाजिक तत्वों के सक्रिय रहने और इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। हालांकि, इस बार बर्बरता का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमा हरकत में आ गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## 39 गांवों को मिलेगी राहत, नहीं आना होगा रायपुर

# नवा रायपुर के पर्यावास भवन में खुलेगा तहसील दफ्तर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नया रायपुर में तहसील दफ्तर के लिए स्थान का चयन कर लिया गया है। सूत्रों के अनुसार तहसील दफ्तर सेक्टर 19 स्थित पर्यावास भवन में खोला जाएगा, जिसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। इस तहसील दफ्तर के खुलने से नया रायपुर से लगे 39 ग्रामवासियों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि इन ग्रामों में रहने वाले लोगों को राजस्व संबंधी विभिन्न कार्यों के लिए अब तक लंबी दूरी तय कर रायपुर सहित जिले के अन्य दूसरे तहसील दफ्तरों तक जाना पड़ता है। नया रायपुर में तहसील दफ्तर खुलने से ग्रामीणों को लंबा सफर तय करना नहीं पड़ेगा, साथ ही समय और आने-जाने में लगने वाले खर्च की बचत भी होगी। नया रायपुर को पूर्ण तहसील का दर्जा मिल चुका है। नवा रायपुर (अटल नगर) को एक स्वतंत्र तहसील बनाने की आधिकारिक अधिसूचना दिसंबर 2025 में जारी हो चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की थी। जिले में नई तहसील के गठन की दिशा में शासन का यह एक बड़ा कदम भी है।

### 20 पटवारी हल्का शामिल

नया रायपुर तहसील में 6 राजस्व निरीक्षक मंडल के पलौद, मंदिर हसौद, केंद्री, तोरला, सेरीखेरी, रायपुर-18 एवं कांदुल अंतर्गत 20 पटवारी हल्के पलौद 20, 21, 23, 24, 25, 26, मंदिर हसौद 15 एवं 22, केंद्री 13, 14, 15, 16, 18 एवं 19, तोरला 01 एवं 02, सेरीखेरी 16, 39 एवं 40, रायपुर 18, कांदुल 51 को शामिल किया है।



### इन क्षेत्रों के ग्राम शामिल

रायपुर जिले की वर्तमान तहसील रायपुर, मंदिर हसौद, गोबरा नवापारा और अभनपुर की सीमाओं में परिवर्तन कर नवा रायपुर अटल नगर तहसील का गठन किया है। इसके तहत नया रायपुर तहसील में 39 ग्रामों को शामिल किया है। इनमें पलौद, परसदा, पसौद, रीको, सेंद, चीचा, चरौदा, रमचंडी, कबाबांधा, झांझ, नवागांव, खपरी, कुहेरा, राखी कोटनी, कोटारभाठा, तांदुल, मंदिर हसौद, छतौना, नवागांव, केंद्री, बेंद्री, परसट्ठी, निमोरा, उपरवारा, तुता, केंद्री, झांकी, खंडवा, भेलवाडीह, पचेरा, तोरला, चेरिया, पौता, बंजारी, तेंदुआ, कुर्रा, सेरीखेरी, नकटी, टेमरी, धरमपुरा, बनरसी, रायपु-18, कांदुल, माना शामिल है।

### दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी

अधिसूचना जारी होने के साथ तहसील क्षेत्र के ग्रामों के चयन संबंधित सुझाव एवं दावा-आपत्तियां भी मंगाई गई थीं। इसके लिए 60 दिनों का समय भी दिया गया था। सूत्र के अनुसार इस दिए गए समय सीमा क्षेत्र में कुछ सुझाव एवं दावा-आपत्तियां भी आई थीं, जिसका निराकरण कर दिया गया है।

### तैयारी की जा रही

नया रायपुर में तहसील दफ्तर के लिए तैयारी की जा रही है। तहसील दफ्तर कहां खुलेगा इसके लिए एनआरडीए ने जगह चिन्हांकित किया है, लेकिन कब से खुलेगा अभी बताया जाना संभव नहीं है।

**- कीर्तिमान सिंह राठौर**, अपर कलेक्टर रायपुर

# इस्पात संयंत्र विस्तार पर ग्राम मढ़ी में अभी से उबाल, 18 को होगी जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

विकासखंड तिल्दा के ग्राम मढ़ी में संचालित गौरी गणेश प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्तावित विस्तार को लेकर 18 जून को आयोजित होने वाली जनसुनवाई से पहले ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। इस जनसुनवाई को लेकर सोमवार को ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने रायपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी की स्थापना के समय जो वादे किए गए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए, जबकि गांव और आसपास के क्षेत्रों को वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण का दंश झेलना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2021 में हुई पहली जनसुनवाई के दौरान कंपनी प्रबंधन ने क्षेत्र के विकास, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार का सपना दिखाया था, लेकिन कारखाना शुरू होने के बाद हालात इसके विपरीत हो गए। ग्रामीणों के अनुसार अब लोग धूल, प्रदूषण और जल संकट जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

जनपद सदस्य प्रतिनिधि प्रकाश सगरवंशी ने आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) के तहत क्षेत्र में अपेक्षित राशि खर्च नहीं की गई। उनका दावा है कि नियमों के अनुसार करोड़ों रुपये क्षेत्रीय विकास पर खर्च होने चाहिए थे, लेकिन अब तक बहुत कम राशि ही खर्च की गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पर्यावरणीय रिपोर्ट में कई तथ्य गलत तरीके से प्रस्तुत किए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पर्यावरणीय दस्तावेजों में 2 किलोमीटर के दायरे में किसी स्कूल के नहीं होने का उल्लेख किया गया है, जबकि ग्राम मढ़ी में कंपनी परिसर से करीब 30 मीटर की दूरी पर स्कूल संचालित है। इसी प्रकार रिपोर्ट में 5 किलोमीटर के भीतर किसी पर्यटन या धार्मिक स्थल का उल्लेख नहीं किया गया, जबकि खपरी में बंजारी माता का विशाल मंदिर है ..कंपनी से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ग्राम सभा सदस्य कौशल साहू ने आरोप लगाया कि कंपनी परिसर में किए गए गहरे बोर खनन के कारण आसपास के गांवों में भूजल स्तर प्रभावित हुआ है और कई तालाब समय से पहले सूखने लगे हैं।

## ग्रामीण ने कहा- विकास नहीं, मिला प्रदूषण और परेशानी




### जनसुनवाई का करेंगे विरोध

ग्रामीण प्रवीण नायक ने बताया कि गांव के लोग लगातार जनसुनवाई का विरोध कर रहे हैं और कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं। इसके बावजूद 18 जून को जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि वे जनसुनवाई का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेंगे और अपनी आपत्तियां दर्ज कराएंगे। फिलहाल प्रशासन जनसुनवाई की तैयारियों में जुटा है, वहीं गांव में विरोध की आवाजें लगातार तेज होती जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी चिंताओं को गंभीरता से नहीं सुना गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल ने अभनपुर व खोरपा अस्पताल को किया सम्मानित



**अभनपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर छग लोकभवन में आयोजित सम्मान समारोह में राज्यपाल श्री डेका ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर को सम्मानित किया है। यह सम्मान रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन एवं रक्तदान के प्रति जनजागरूकता फैलाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है । संस्था की ओर से ग्रामीण चिकित्सा सहायक डी एस नेताम एवं एम.एल.टी. देवानंद साहू ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने संस्था के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### गौ सेवा धाम का 8वां स्थापना दिवस मनाया



**आरंग।** जीव दया और गौ संरक्षण के संकल्प को दोहराते हुए आरंग स्थित बागेश्वर गौ सेवा धाम ने अपना 8वां स्थापना दिवस बेहद हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया। इस अवसर पर धाम परिसर में विशेष धार्मिक और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गौ भक्तों ने हिस्सा लिया। स्थापना दिवस की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गौ माता की विशेष महाआरती से हुई। गौ सेवा धाम के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर गायों की पूजा-अर्चना की और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस खास मौके पर गौ माताओं के लिए विशेष 'छप्पन भोग' की व्यवस्था की गई थी। धाम में मौजूद सभी गायों को पौष्टिक आहार के साथ-साथ उनके पसंदीदा फल और पकवान परोसे गए, जिसमें मुख्य रूप से हरा चारा, केला, तरबूज, चावल, रोटी आदि शामिल रहे। आरती और भोग के पश्चात गौ माता के संरक्षण और संवर्धन पर एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बेसहारा और बीमार गायों की सुरक्षा पर जोर देते हुए अपने विचार साझा किए तथा आठ वर्षों के बेमिसाल सफर को याद करते हुए गौ माता को भारतीय संस्कृति का मान और भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया।

## परिजन गए थे गांव, सूने मकान में ताला तोड़कर माल किया साफ

# मोहमेला में दो लाखों नकद समेत आभूषणों की चोरी, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर की जांच पर अभी तक सुराग नहीं मिला

आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम मोहमेला में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर के एक सूने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे करीब 2 लाख रुपये नकद और लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार ग्राम मोहमेला निवासी दयालु साहू के घर में यह वारदात हुई। रविवार सुबह चोरी की जानकारी मिलने पर परिवार के सदस्यों ने तत्काल आरंग पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस, डॉग स्क्वाड और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर जांच के निर्देश दिए।



चोरी गए आभूषणों में पैश्तैनी कीमती हार भी है शामिल

**डॉग स्क्वाड और एफएसएल टीम की विवेचना जारी :** प्रार्थी के पुत्र मनीष साहू ने बताया कि घटना वाले दिन उनका छोटा भाई जितेंद्र साहू अपनी पत्नी के साथ ससुराल ग्राम भैंसा गया हुआ था। उसके कमरे में ताला लगा हुआ था। उसी कमरे की अलमारी में परिवार की महिलाओं के सोने-चांदी के जेवरात तथा करीब 2 लाख रुपये नगद रखे हुए थे। रात में परिवार के अन्य सदस्य अपने-अपने कमरों में सो गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर घर में घुसे और सूने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखी नकदी एवं जेवरात चोरी कर ले गए। परिजनों के अनुसार चोरी हुए सामान में लगभग 4 तोला सोने का रानी हार, पुस्तैनी आभूषण सहित परिवार की महिलाओं के अन्य कीमती जेवर शामिल हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। डॉग स्क्वाड और एफएसएल टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस आसपास के संदिग्धों, पुराने अपराधियों तथा अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस का दावा है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

## बैहार एनएच में गड्ढों से लगातार हो रहे हादसे, सुरक्षा सुविधा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



आरंग से लगे बैहार गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कट पॉइंट और यू-टर्न क्षेत्रवासियों के लिए लगातार जानलेवा साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर तीनों दिशाओं से तेज रफ्तार वाहन आते हैं, जिससे सड़क पार करना और यू-टर्न लेना अत्यंत जोखिम भरा हो गया है। कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं तथा आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार होकर घायल हो रहे हैं। क्षेत्र में जल्द ही स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ होने वाला है, जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का प्रतिदिन आवागमन रहेगा। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। उनका कहना है कि वर्तमान यातायात व्यवस्था भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि आत्मानंद विद्यालय से लेकर आरंग तक राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे कई स्थानों पर गहरी खाइयां हैं, लेकिन सुरक्षा के लिए मेटल क्रैश बैरियर नहीं लगाए गए हैं। दुर्घटना की स्थिति में वाहन सीधे खाई में गिर सकता है, जिससे गंभीर जनहानि की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि बैहार गांव के पास ओवरब्रिज, सर्विस रोड, सुरक्षित यातायात व्यवस्था, आत्मानंद विद्यालय से आरंग तक पूरे मार्ग पर मेटल क्रैश बैरियर तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के वर्षा जल निकासी हेतु उचित नाली का निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि ये सुविधाएं केवल विकास कार्य नहीं हैं, बल्कि हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों और वाहन चालकों की सुरक्षा से सीधे जुड़ी हुई हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़ी जनहानि की प्रतीक्षा करने के बजाय तत्काल सर्वे कर आवश्यक निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाएं। बैहार गांव के लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, ताकि भविष्य में होने वाले संभावित हादसों को रोका जा सके।

## तिल्दा-जोता रेल फाटक के प्रभावितों की बेदखली का विरोध, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**तिल्दा-नेवरा।** तिल्दा-जोता रेलवे फाटक पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर एक बार फिर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। ओवरब्रिज परियोजना से प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा एवं समुचित पुनर्वास दिलाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि तिल्दा-जोता मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर प्रस्तावित ओवरब्रिज के कारण वर्षों से सड़क किनारे निवास कर रहे अनेक परिवारों के मकान और दुकान प्रभावित होंगे। कांग्रेस नेताओं एवं स्थानीय नागरिकों का लंबे समय से यह मत रहा है कि यहां ओवरब्रिज के बजाय अंडरब्रिज का निर्माण कराया जाए, जिससे यातायात की समस्या का समाधान भी हो और लोगों के घर-दुकान भी सुरक्षित रहें। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि शासन ओवरब्रिज निर्माण को आवश्यक मानता है, तो प्रभावित परिवारों को बाजार मूल्य के अनुरूप उचित मुआवजा, वैकल्पिक भूमि अथवा आवास उपलब्ध कराया जाए तथा उनके पुनर्वास की



समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही बरसात से पहले किसी भी परिवार को बेदखल न करने की मांग भी उठाई गई है, क्योंकि इससे गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने गंभीर आवासीय संकट खड़ा हो सकता है। गौरतलब है कि पिछले डेढ़ वर्ष से शहरवासी प्रस्तावित ओवरब्रिज का विरोध कर रहे हैं। हाल ही में प्रशासन द्वारा उन मकान एवं दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया गया है, जिनकी संपत्तियां निर्माण कार्य में बाधक बन सकती हैं। नोटिस में 18 जून तक परिसर खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद प्रभावित परिवारों में चिंता और असंतोष बढ़ गया है तथा राजनीतिक माहौल भी गरमा गया है।कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के दौरान बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा, जिला कांग्रेस महामंत्री जितेंद्र सेन, महामंत्री ओम ठाकुर तथा पार्षद प्रतिनिधि सनत सेन सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## राज्यपाल डेका के हाथों शारदा एनर्जी सम्मानित



**धरसींवा।** विश्व रक्तदाता दिवस के पावन अवसर पर राजधानी में एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सा सेवा और रक्तदान के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने वाली अग्रणी कंपनी मेसर्स शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कंपनी को यह सम्मान रेडक्रॉस सोसायटी को निरंतर और निःस्वार्थ सहयोग प्रदान करने के लिए दिया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका थे। उन्होंने अपने संबोधन में रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव जीवन की रक्षा करना दुनिया का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने आगे कहा कि यदि हमारी रगों में बहने वाले रक्त की एक बूंद किसी का जीवन बचा सकती है, तो इससे बड़ा पुण्य का काम दूसरा कोई नहीं हो सकता। राज्यपाल ने रक्तदान को 'सर्वोच्च दान' की संज्ञा देते हुए समाज के स्वैच्छिक रक्तदाताओं और इस मुहिम में जुटी सामाजिक संस्थाओं के निस्वार्थ सेवा भाव की खुलकर सराहना की। इस राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के बेहतरीन स्वैच्छिक रक्तदाताओं के साथ-साथ उन विभिन्न संगठनों और संस्थाओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जो स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। इसी कड़ी में शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया। कंपनी की ओर से मुख्य मानव संसाधन अधिकारी श्री विवेक चौधरी और सीएसआर विभाग के उप महाप्रबंधक श्री सुरेन्द्र लांजेवार ने राज्यपाल महोदय के हाथों यह प्रतिष्ठित सम्मान ग्रहण किया। राज्यपाल ने दोनों अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र सौंपते हुए कंपनी द्वारा किए जा रहे सामाजिक और मानवीय कार्यों को सराहा।

# जीवन की उपलब्धियों के संरक्षण में संस्कार होते हैं महत्वपूर्ण : टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

- नवापारा, मोहरा और बनरसी के शिशु मंदिर स्कूलों के लिए भवन निर्माण के लिए 10-10 लाख की घोषणा

स्थानीय ग्राम तरपोंगी में 'ग्राम भारती' द्वारा विभागीय स्तर पर आयोजित दस दिवसीय नवीन आचार्य दीदी प्रशिक्षण वर्ग का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता 'विद्या भारती' के प्रांत संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू थे। समापन समारोह की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच देवकी सावन नायक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा, जनपद सदस्य देवेन्द्र वर्मा और वर्गाधिकारी डोमार सिंह वर्मा उपस्थित रहे।

वर्ग कार्यवाह नीलकंठ यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा-पाठ और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। समारोह के दौरान शिक्षार्थियों द्वारा शारीरिक प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर प्रार्थना शेड, स्मार्ट शौचालय, अतिरिक्त शाला भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. देवनारायण साहू ने शिक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डाला। उन्होंने 'सरस्वती शिशु मंदिर' की स्थापना से लेकर इसके मुख्य उद्देश्यों को विस्तार से रेखांकित किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने संस्कारों के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जीवन में मिलने वाली किसी भी उपलब्धि को बनाए रखने और उसे सुरक्षित रखने के लिए अच्छे संस्कार होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने रावण का उदाहरण देते हुए कहा कि धन, बल, ज्ञान, वैभव और भक्ति जैसे सर्वगुणों से संपन्न होने के बाद भी रावण का सर्वनाश सिर्फ इसलिए हो गया क्योंकि उसके पास अच्छे संस्कारों की कमी थी। इस अवसर पर उन्होंने नवापारा, मोहरा और बनरसी के शिशु मंदिर स्कूलों के लिए भवन निर्माण हेतु 10-10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। कार्यक्रम में स्वाति वर्मा ने भी उपस्थित जनसमूह के समक्ष अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान नीलकंठ यादव ने वर्ग का वृत्त (प्रतिवेदन) प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग में कुल 80 दीदी, 04 आचार्य, 10 शिक्षक और 06 प्रबंधक पूर्णकालिक रूप से शामिल रहे। मंच का कुशल संचालन डोमार सिंह वर्मा द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य तुलसी राम वर्मा ने सभी अतिथियों और आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित गणमान्य नागरिक और पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुकेश साहू समन्वयक द्वय रायपुर ग्रामीण, तोलाराम यादव बलौदाबाजार, गजेंद्र वर्मा अध्यक्ष स्थानीय समिति,मिलेंद्र वर्मा उपाध्यक्ष, डॉ. संतोष यादव उपसरपंच,पूनाराम वर्मा अध्यक्ष रायपुर जिला ग्राम भारती,सुरेंद्र नशीने सचिव, प्रेमलता बिसेन उपाध्यक्ष, बलौदाबाजार ग्राम भारती, संदीप वर्मा युवा समाजसेवी, डॉ शोभित वर्मा, तुलसी राम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के : भाजपा के मीडिया संवाद में गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां

# मोदी के सुशासन में विकसित भारत के संकल्प को मिला संबल : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को तिल्दा-नेवरा में 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने पत्रकारों से संवाद करते हुए मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

संदीप शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने सुशासन, जनकल्याण, बुनियादी ढांचे, डिजिटलीकरण, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकसित भारत @2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है।

संदीप शर्मा ने राष्ट्र निर्माण में बुनियादी ढांचे के विकास को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश के 26 शहरों में 1,100 किलोमीटर से अधिक का मेट्रो नेटवर्क विकसित किया गया है। वर्तमान में 164 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। अटल सेतु, सुदर्शन सेतु, चिनाब रेल ब्रिज, बोगीबील ब्रिज और पंबन समुद्री पुल जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं भी इसी अवधि में पूरी हुई हैं। उन्होंने बताया कि देश में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 164 तक पहुंच गई है। साथ ही 81 करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

मीडिया संवाद के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए संदीप शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार का मूल मंत्र /"सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास/" है और इसी सोच के साथ देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में रायपुर जिला ग्रामीण प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा, उपाध्यक्ष शिवशंकर वर्मा, महामंत्री कृष्ण कुमार वर्मा, भाजपा नेता राम पंजवानी, कोषाध्यक्ष अरविंद ठाकुर जिला मंत्री विकास कोटवानी, शहर अध्यक्ष मनोज निषाद, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला, युवा नेता रमेश रिंकू अग्रवाल, चंद्रकुमार पाटिल, नरसिंह वर्मा, पार्षद रानी सौरभ जैन,सुरेश वर्मा ,टेकराम यदु . लक्ष्मीचंद नागवानी, भाजयुमो महामंत्री गोलू साहू, सागर पंजवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा नेता दीपक शर्मा ने किया। अंत में भाजपा नेताओं ने मोदी सरकार के 12 वर्षों को विकास, विश्वास और जनकल्याण का स्वर्णिम काल बताते हुए जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

## आपराधीकरण मामले में कांग्रेसी नेता की गिरफ्तारी से पार्टी की पोल खुली: शर्मा



**धरसींवा।** छत्तीसगढ़ के धरसींवा और कोण्डागाँव में सामने आए दो अलग-अलग आपराधिक मामलों ने प्रदेश की सियासत में भूचाल ला दिया है। भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि आज राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का कांग्रेसीकरण ही कांग्रेस का असली और एकमात्र राजनीतिक चरित्र बनकर रह गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता से बाहर होते ही कांग्रेस नेताओं में इस कदर छटपटाहट बढ़ गई है कि वे अब संगीन जुर्म के आरोपियों के परिजनों को डरा-धमकाकर अवैध उगाही के घिनौने खेल में शामिल हो गए हैं। पहला मामला धरसींवा के सिलयारी चौकी क्षेत्र का है, जहाँ एक नाबालिग बालिका से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस संवेदनशील मामले में अपराधियों को संरक्षण देने और उनके परिजनों से ब्लैकमेलिंग कर मोटी रकम वसूलने के आरोप में कांग्रेस नेता सूरज सिंह ठाकुर और उनके एक साथी मोहम्मद उस्मान सैफी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस पर अनुज शर्मा ने धरसींवा थाने का घेराव करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा पुलिस तकनीकी साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर पूरी तरह न्यायसंगत कार्रवाई कर रही है।

**युवाओं के भविष्य को बेचने की दुकान बनी कांग्रेस :** पटवारी की नौकरी लगाने के नाम पर 6.50 लाख रुपए की ठगी के मामले में कांग्रेस के जिला महामंत्री रितेश पटेल की गिरफ्तारी के बाद सियासत गरमा गई है। भाजपा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए तीखा हमला बोला है। भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि यह घटना कोई अपवाद नहीं है। यह इस बात का पुख्ता सबूत है कि कांग्रेस सरकार के दौरान समूची पार्टी युवाओं के भविष्य को बेचने की दुकान बन चुकी थी। कांग्रेस में ठगों और अपराधियों को ऊंचे पदों से नवाज कर बकायदा संरक्षण दिया जाता रहा है।

# नगरीय निकायों की जमीन-दुकानों की बिक्री अब ई-टेंडर से, संपत्तियों के हस्तांतरण में पारदर्शिता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने नगर निगमों, नगर पालिका और नगर पंचायतों की अचल संपत्तियों के विक्रय, पट्टा, नामांतरण और आवंटन की प्रक्रिया को नए सिरे से व्यवस्थित करने के लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अचल संपत्ति व्ययन) नियम, 2026 लागू कर दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में सभी नगर निगम आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने को कहा है।

नए नियमों के तहत नगर निकायों की भूमि, दुकान, भवन या अन्य अचल संपत्ति का विक्रय, पट्टे पर देना अथवा अन्य प्रकार का हस्तांतरण सामान्यतया केवल ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। संपत्ति उसी व्यक्ति या संस्था को दी जा सकेगी, जिसने निर्धारित प्रक्रिया में सबसे ऊंची बोली लगाई हो। ई-निविदा की सूचना कम से कम 15 दिन पहले दो समाचार पत्रों में प्रकाशित करनी होगी, जिनमें एक स्थानीय हिंदी समाचार पत्र होना अनिवार्य रहेगा।

### सरकारी और सामाजिक संस्थाओं के लिए छूट

नियमों में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि किसी सरकारी संस्था को लोक प्रयोजन अथवा किसी पंजीकृत लोक संस्था को सामाजिक उद्देश्य के लिए भूमि या संपत्ति उपलब्ध करानी हो, तो राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से सामान्य निविदा प्रक्रिया के बिना भी हस्तांतरण किया जा सकेगा। हालांकि इसके लिए विस्तृत प्रस्ताव और संपत्ति का पूरा विवरण राज्य सरकार को भेजना होगा।



### आरक्षित मूल्य तय करने का नया फार्मूला

संपत्ति का आरक्षित मूल्य तय करते समय संबंधित भूमि का मूल्य प्रचलित कलेक्टर गाइडलाइन के आधार पर तथा भवन और अन्य विकास कार्यों की वास्तविक लागत जोड़कर निर्धारित किया जाएगा। वार्षिक भू-भाटक (ग्राउंड रेंट) आरक्षित मूल्य अथवा निविदा में प्राप्त प्रीमियम राशि के 0.5 प्रतिशत के आधार पर तय किया जाएगा। यदि तीन बार निविदा आमंत्रित करने के बाद भी खरीदार नहीं मिलते हैं तो निर्धारित शर्तों के तहत आरक्षित मूल्य में अधिकतम 15 प्रतिशत तक कमी की जा सकेगी।

### नामांतरण के लिए शुल्क और सार्वजनिक सूचना अनिवार्य

पट्टे पर दी गई संपत्तियों के नामांतरण से पहले दो समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित कर आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। सुनवाई के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उत्तराधिकार के मामलों में नामांतरण के लिए 5 हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। आवासीय संपत्तियों के लिए प्रीमियम राशि का 1 प्रतिशत तथा व्यावसायिक और औद्योगिक संपत्तियों के लिए 2 प्रतिशत तक नामांतरण प्रभार लिया जाएगा।

### नगरीय निकायों को मिली वित्तीय शक्तियां

नए नियमों में संपत्तियों के हस्तांतरण के लिए विभिन्न स्तरों पर वित्तीय अधिकार भी निर्धारित किए गए हैं। नगर निगमों में मेयर-इन-काउंसिल को शहर की आबादी के आधार पर 5 करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक मूल्य की संपत्तियों पर निर्णय लेने का अधिकार होगा। इससे अधिक मूल्य की संपत्तियों के लिए निगम, संचालक या राज्य सरकार की मंजूरी आवश्यक होगी। 50 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों के लिए राज्य सरकार की स्वीकृति अनिवार्य रखी गई है।

### आरक्षण व्यवस्था भी तय

दुकानों, भवनों और अन्य संपत्तियों के आवंटन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण दिया जाएगा। महिलाओं के लिए प्रत्येक वर्ग में एक-तिहाई आरक्षण तथा दिव्यांगजनों के लिए 2 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। हालांकि कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

### क्या है नियमों का उद्देश्य

सरकार का कहना है कि नए नियमों का उद्देश्य नगर निकायों की संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता लाना, मनमाने आवंटन पर रोक लगाना और सार्वजनिक संपत्तियों से होने वाली आय को बढ़ाना है। ई-निविदा, आरक्षित मूल्य निर्धारण, नामांतरण की स्पष्ट प्रक्रिया और विभिन्न स्तरों पर जवाबदेही तय होने से नगर निकायों की संपत्तियों के उपयोग और हस्तांतरण पर अधिक निगरानी संभव होगी।

## खबर संक्षेप



### जिला अस्पताल में हुआ रक्तवीरों का सम्मान

**रायपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय पंडरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम के अनुरूप लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करने और नियमित रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से अस्पताल प्रबंधन द्वारा एक विशेष संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन सिविल सर्जन डॉ.बी.के.सिन्हा के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवता की सेवा और किसी को जीवनदान देने का सबसे बड़ा माध्यम है। इस अवसर पर आरएमओ डॉक्टर लक्ष्मेंद्र यादव ने नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. दिव्यांशु ने बताया कि सुरक्षित रक्तदान से शरीर पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ता। फोरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. पीयूष कुमार ने भी रक्तदान से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों को दूर करते हुए वैज्ञानिक पहलुओं पर जानकारी साझा की। अस्पताल के सफल संचालन और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में अस्पताल सलाहकार मिथिलेश सोनबेर की सक्रिय भूमिका रही।

### परिवहन अधिकारियों का तबादला

**रायपुर।** परिवहन विभाग ने दो परिवहन अधिकारियों को स्थानांतरित किया है। संयुक्त सचिव परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत्युंजय पटेल क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय रायपुर को दुर्ग, एवं प्रतीक शुक्ला सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन आयुक्त कार्यालय से जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद के पद पर पदस्थ किया गया है।

### बिजली के दाम बढ़ाना जनता पर अत्याचार, पांचवी बार बढ़ी दर का कांग्रेस ने किया विरोध



**रायपुर।** बिजली के दाम बढ़ाने को कांग्रेस ने जनता पर अत्याचार बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार ने इस बार घरेलू उपभोक्ताओं के दाम में 30 से 50 पैसे तथा गैर घरेलू में 20 से 40 पैसे की बढ़ोत्तरी किया है। भाजपा सरकार ने किसानों को भी नहीं बख्शा कृषि के पंप की बिजली में भी 40 पैसे की बढ़ोत्तरी की गयी है। भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार पांचवी बार बिजली के दाम बढ़ाये गये है। कांग्रेस सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है। उन्होंने बताया कि सरकार उसमें राहत देने के बजाय बिजली के दामो में बढ़ोतरी कर रही है। भाजपा से सरकार संभल नहीं रही है। वह केवल जनता पर बोझ डालने का काम करती है। 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के बाद पांच बार बिजली के दाम बढ़ाया जाना जनता पर बोझ है।

## 8 को कारण बताओ नोटिस, 2 ठेकेदारों पर कार्रवाई के लिए मांगी रिपोर्ट

# सड़कों और पुलों के निर्माण की धीमी गति पर बिफरे उप मुख्यमंत्री साव, 2 ठेकेदारों के पंजीयन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव द्वारा सड़कों व पुलों के निर्माण की धीमी गति पर गहरी नाराजगी जाहिर करने और ठेकेदारों पर कार्रवाई के निर्देश के बाद विभाग ने दो ठेकेदारों के पंजीयन निरस्त कर दिए हैं। लोक निर्माण विभाग ने कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने वाले 8 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए हैं। वहीं पूर्व में दो ठेकेदारों को जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब का परीक्षण कर ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई के लिए मुख्य अभियंता से प्रतिवेदन मंगाया गया है।

लोक निर्माण विभाग ने 10 जून को भी राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर केशलूर-जगदलपुर मार्ग में किरंदुल-विशाखापट्टनम रेलवे लाइन के ऊपर केशलूर के पास बन रहे फोरलेन रेलवे ओवरब्रिज में काम की प्रगति मंजूर किए गए निर्माण कार्यक्रम से काफी पीछे होने और तय किए गए माइलस्टोन्स के अनुरूप नहीं होने पर ठेकेदार मेसर्स अशोक कुमार मित्तल को नोटिस जारी कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



### चार दिन पहले की थी समीक्षा

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने पिछले सप्ताह चार दिनों के बस्तर प्रवास के दौरान अपने चारों विभागों के कार्यों का निरीक्षण कर गहन समीक्षा की थी। उन्होंने निरीक्षण और बैठकों के दौरान सड़कों व पुलों के निर्माण की धीमी प्रगति पर अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर गहरी नाराजगी जताई थी। उन्होंने काम में लापरवाही, देरी और अनुबंध के अनुसार अपेक्षित तेजी नहीं लाने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### पुलों के काम पिछड़ने पर दो ठेकेदारों के पंजीयन निरस्त

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने चार पुलों के निर्माण की धीमी प्रगति पर ठेकेदार मेसर्स गुप्ता कन्स्ट्रक्शन कंपनी का पंजीयन दो वर्षों के लिए निरस्त कर दिया है। कंपनी द्वारा भवरडींग नदी पर अदनार-तोतर मार्ग, कोंडागांव के घोटिया-मुंडा-चांदाबेड़ा मार्ग और बड़े राजपुर विकासखंड के पलना-मरीगांव-कुंडई मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जा रहा है। कंपनी कबीरधाम जिले के बांटीपथरा से कुई (दमगढ़) मार्ग में हॉफ नदी पर भी उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कर रही है। चारों कार्यस्थलों पर कंपनी का काम अपेक्षित गति से काफी पीछे है।

### ठेकेदारों का पंजीयन निरस्त

विभाग ने कांकेर के आमाबेड़ा-सेमर गांव सड़क पर नेरूल नदी तथा बोड़ागांव-खासगांव-तराढुल मार्ग में डुमरीकेल नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के कार्य में लेट-लतीफी पर ठेकेदार निर्भय राम साहू का पंजीयन आगामी दो वर्षों के लिए निरस्त कर दिया है। विभाग द्वारा प्रगति की लगातार समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने के लिए बार-बार निर्देशित और नोटिस जारी करने के बावजूद इन दोनों ठेकेदारों के काम की गति असंतोषजनक है। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने नारायणपुर-सोनपुर-मरोदा मार्ग के चौड़ीकरण व सुधार कार्य की धीमी गति पर ठेकेदार पंकज हालदार को पूर्व में जारी कारण बताओ नोटिस के उत्तर का परीक्षण कर कार्रवाई के लिए बस्तर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता से प्रतिवेदन मंगाया है। प्रमुख अभियंता ने सुकमा में पैकपारा-धनीकोड़ता मार्ग तथा केरलापाल-पटेलपारा-सिरसट्टी सड़क के कार्य में भी अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर ठेकेदार आशीष भदौरिया को पूर्व में जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब का परीक्षण कर कार्रवाई के लिए मुख्य अभियंता से प्रतिवेदन मंगाया है।

### इन ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी

विभाग ने कांकेर-अमोड़ा-नरहरपुर मार्ग के ठेकेदार मेसर्स बी.एम.एस. प्रोजेक्ट, कोंडागांव में हडेली-कुदूर मार्ग के ठेकेदार मेसर्स सुराना एंड कंपनी और जगदलपुर-चित्रकोट मार्ग के ठेकेदार मेसर्स एस.के. अरोरा को कार्यों में धीमी प्रगति के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कार्यस्थलों पर काम की प्रगति मंजूर किए गए निर्माण कार्यक्रम से काफी पीछे होने और तय किए गए माइलस्टोन्स (महत्वपूर्ण पड़ावों) के अनुरूप नहीं होने पर सुकमा के चिंतलनार-मरियागुड़म सड़क के ठेकेदार के. मोहन रेड्डी, ट्रांससॉफ्ट इन्फ्रा और मेसर्स राघव कन्स्ट्रक्शन, कोंटा-गोलापल्ली मार्ग के ठेकेदार मेसर्स बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेसर्स राघव कन्स्ट्रक्शन तथा भेज्जी-चिंतागुफा सड़क का निर्माण कर रहे ठेकेदार के. मोहन रेड्डी एवं गोविन्द्र सिंह देशमुख को लोक निर्माण विभाग के सुकमा संभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### साव ने कही ये बात

इस संबंध में उपमुख्यमंत्री एवं पीडब्लुडी के भारसाधक मंत्री अरूण साव ने कहा है- सड़कों व पुलों के निर्माण में गुणवत्ता और समय-सीमा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लेट-लतीफी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्यों के पूरे नहीं होने से लोगों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है। बस्तर में निर्माणाधीन सड़कों और पुलों को तेजी से पूरे कर बेहतर कनेक्टीविटी सुनिश्चित करने पर जोर है। वहां काम कर रहे ठेकेदारों और निर्माण एजेंसियों को अनुबंध के अनुसार निर्धारित प्रगति तथा माइलस्टोन्स पूरे करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। काम में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई की जा रही है।

## कांग्रेस का आरोप

# सरकारी अस्पतालों में अमानक दवाइयों की सप्लाई, राज्यपाल से की जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन द्वारा सरकारी अस्पतालों में सप्लाई की जा रही अमानक, नकली और निम्न स्तरीय दवाओं पर आवश्यक कार्रवाई के लिए कांग्रेस ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कई महीनों से छत्तीसगढ़ के सरकारी अस्पतालों में गरीब मरीजों को मिल रही दवाएं निम्न स्तर की हैं। उन्होंने मांग की है कि कमेटी गठित कर इस मामले की जांच कराई जाए। कांग्रेसियों ने कहा, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन नियमित अंतराल में सप्लाई की गई दवाओं की ड्रग टेस्टिंग लैबोरेट्री से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अमानक और स्तरीय बताकर वापस मंगाने और इन दवाओं को मरीजों को न बांटने का आदेश जारी करता रहा। निम्न स्तरीय दवाओं पर रोक लगने तक हजारों लोग निम्न स्तरीय दवाओं का सेवन कर चुके होते हैं। मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर और नर्सिंग फार्मेसी स्टाफ मरीज को दवा बांटते और इंजेक्शन लगाते समय विपरीत लक्षणों को देखकर दवाओं के अमानक और निम्न स्तरीय होने की आशंका व्यक्त करते रहे हैं।

### ऐसी खरीदी पर रोक लगाई जाए

ज्ञापन में कहा गया है कि ऐसा भी देखने में आया है कि मरीजों को दी जाने वाली दवाइयां आवश्यक स्टोरेज में नहीं रखी जाती, जिससे दवाई की क्वालिटी और अधिक खराब हो जाती है। राज्यपाल से कहा, छत्तीसगढ़ राज्य की जनता के संरक्षक और पालक हैं। छत्तीसगढ़ राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था और अस्पतालों में निम्न स्तरीय दवाओं के दुष्प्रभाव को आप भली-भांति समझते हैं। बहुत आवश्यक है कि पिछले दो वर्षों से लगातार छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के जरिए हो रही निम्न स्तरीय खरीदी पर तत्काल रोक लगाई जाए।

**पूरे मामले की जांच की मांग :** छत्तीसगढ़ के सरकारी अस्पतालों में गरीब मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन द्वारा सप्लाई की जा रही खराब क्वालिटी की दवाओं के संबंध में समुचित कदम उठाने के निर्देश राज्य सरकार को दें। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन द्वारा मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में सप्लाई की जा रही अमानक, नकली और निम्न स्तरीय दवाओं के विषय में इस पूरे मामले की जांच के लिए एक जांच दल गठित करने का निर्देश दें।

# भाजपा बोली- स्कूलों में प्रार्थना से विद्यार्थी बनेंगे संस्कारी नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र से स्कूलों में प्रतिदिन प्रार्थना, राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, दीपमंत्र, सरस्वती वंदना, गुरुमंत्र और महापुरुषों की जीवनी के वाचन को अनिवार्य करने के निर्णय स्वागत किया है। श्री पाण्डेय ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए इसे भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में एक मील का पत्थर बताया है। यह पहल राज्य के बच्चों को न सिर्फ एक अच्छा छात्र बनाएगी, बल्कि उन्हें एक जागरूक और संस्कारी नागरिक भी बनाएगी। भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका मूल उद्देश्य चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों का सिंचन होना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार का यह निर्णय विद्यार्थियों के बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।



राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत जहां बच्चों में अटूट राष्ट्रभक्ति का संचार करेंगे, वहीं दीपमंत्र, सरस्वती वंदना और गुरुमंत्र उन्हें हमारी समृद्ध सनातन संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से अवगत कराएंगे। प्रार्थना सभा में प्रतिदिन एक महापुरुष की जीवनी के वाचन के निर्देश की सराहना करते हुए सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि आज के डिजिटल युग में जब बच्चे अपनी जड़ों से दूर हो रहे हैं, ऐसे समय में इतिहास के नायकों और महापुरुषों के संघर्ष व आदर्शों को सुनना विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करेगा।

# बैज बोले- उर्वरक के लिए मारामारी सरकार पर्याप्त व्यवस्था करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में उर्वरक के लिये मारा मारी शुरू हो गयी है। आधा जून बीत गया किसानों को सोसाइटी में खाद नहीं मिल रही है। किसान बराबर सरकार के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों से उर्वरक के बारे में गुहार लगा रहे, लेकिन सरकार केवल जुबानी आश्वासन दे रही है।



आज भी प्रदेश की तीस प्रतिशत से कम सोसाइटियों में ही खाद पहुंच पायी है। मानसून आने वाला है, खरीफ में धान की फसल ही राज्य के किसानों की आजीविका का मुख्य आधार है। यदि खरीफ के सीजन में सरकार किसानों को पर्याप्त उर्वरक नहीं दे पायेगी तो किसानों के सामने साल भर के लिये आजीविका का संकट पैदा हो जायेगा। उन्होंने कहा, अभी तक सोसायटियों में खाद का न पहुंचना चिंता पैदा कर रहा। सरकार कब उर्वरक मंगायेगी, कब रैक लगेगी, भवन, सोसायटी पहुंचेगा। पिछले खरीफ सीजन में राज्य के किसानों को 14 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता थी, साय सरकार शुरू के दो माह तक मात्र 80 हजार मीट्रिक टन ही उर्वरक दे पायी थी, आखिर तक जरूरत से आधे का भी इंतजाम नहीं कर पायी सरकार। किसान यूरिया से लेकर डीएपी और पोटाश सभी के लिए भटकते रहे, बिचौलियों के द्वारा ब्लेक मार्केट में तीन से चार गुने दाम में किसानों को यूरिया और डीएपी खरीदने को मजबूर होना पड़ा था।

# पीएम आवास योजना की समीक्षा में सख्ती, सितंबर तक सभी लंबित आवास पूरे करने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लंबित आवासों को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभागीय समीक्षा में स्पष्ट किया गया कि पीएमएवाई 1.0 की अंतिम समय-सीमा सितंबर 2026 है और भारत सरकार इसके आगे किसी भी स्थिति में अवधि नहीं बढ़ाएगी। ऐसे में निर्धारित समय-सीमा के बाद होने वाली देर के लिए संबंधित नगरीय निकायों और जिम्मेदार अधिकारियों पर वित्तीय दायित्व तय किया जा सकता है।

नवा रायपुर में पिछले दिनों हुई विभागीय समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के दोनों प्रमुख घटकों— अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) और बेनिफिशियरी लेड कंस्ट्रक्शन (बीएलसी)—की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में निर्माण की प्रगति, आवासों में वास्तविक निवास (ऑक्यूपेंसी), हितग्राही अंशदान और वसूली की स्थिति को लेकर कई नगरीय निकायों के प्रदर्शन पर चिंता जताई गई।

### एएचपी में 22 हजार से अधिक आवास स्वीकृत, हजारों अब भी अधूरे

समीक्षा में बताया गया कि एएचपी घटक के तहत राज्य में कुल 22,516 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 16,956 आवासों में अब तक हितग्राहियों का निवास शुरू हो चुका है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में आवास या तो अधूरे हैं या फिर तैयार होने के बाद भी खाली पड़े हैं। विभाग ने 4,592 छत स्तर तक पहुंचे आवासों को 20 जून तक, 1,564 स्ट्रक्चर स्तर वाले आवासों को 15 जुलाई तक तथा 1,256 प्लिंथ स्तर वाले आवासों को 30 सितंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।बैठक में बीरगांव और रायपुर नगर निगम की प्रगति की सराहना की गई। बीरगांव में 696 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है, हालांकि वहां ऑक्यूपेंसी केवल 66 प्रतिशत है। रायपुर में 94 प्रतिशत निर्माण और 98 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई है। बिलासपुर में भी 77 प्रतिशत निर्माण और 84 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी की जानकारी दी गई।इसके विपरीत कई निकायों का प्रदर्शन चिंता का विषय रहा। कांकेर में निर्माण शत-प्रतिशत पूरा होने के बावजूद एक भी आवास में निवास शुरू नहीं हुआ है। अंबिकापुर में 76 प्रतिशत निर्माण पूरा होने के बाद भी ऑक्यूपेंसी मात्र 11 प्रतिशत रही, जबकि हितग्राहियों से वसूली केवल 9 प्रतिशत हुई है।

## राज्य सरकार नियमों में बदलाव की तैयारी में

# ग्राम पंचायतों के हिस्से में अब पेयजल, सफाई और कचरा प्रबंधन का जिम्मा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्राम पंचायतों की स्थायी समितियों के गठन और संचालन से जुड़े नियमों में बदलाव का प्रस्ताव जारी किया है। प्रस्तावित संशोधन का सबसे बड़ा असर ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों पर पड़ेगा, जिन्हें अब सुरक्षित पेयजल आपूर्ति, जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता प्रबंधन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी अतिरिक्त जिम्मेदारियां दी जाएगी। सरकार ने इस संबंध में मसौदा जारी कर 15 दिनों के भीतर आम जनता से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की हैं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी मसौदे के अनुसार, छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत (स्थायी समिति के सदस्यों की पदावधि और कामकाज के संचालन की प्रक्रिया) नियम, 1994 में संशोधन प्रस्तावित है। इसके तहत ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के कार्यक्षेत्र को केवल पेयजल व्यवस्था तक सीमित न रखते हुए जल संरक्षण, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन से भी जोड़ा गया है।



### समिति में बढ़ेगा सामाजिक प्रतिनिधित्व

प्रस्तावित नियमों के अनुसार प्रत्येक स्थायी समिति में चार निर्वाचित सदस्य होंगे, लेकिन ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति में इसके अतिरिक्त छह अन्य सदस्यों को भी शामिल किया जाएगा। इनमें महिला स्व-सहायता समूहों के प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, पंप ऑपरेटर, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के स्वच्छाग्रही तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के सदस्य शामिल होंगे। सरकार का उद्देश्य जल और स्वच्छता से जुड़े कार्यों में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाना बताया जा रहा है।

### सरपंच को मिलेगी अहम भूमिका

संशोधन प्रस्ताव के तहत सरपंच को सामान्य प्रशासन समिति के साथ-साथ ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का भी अध्यक्ष बनाया जाएगा। वहीं उपसरपंच शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण समिति की अध्यक्षता करेंगे। अन्य स्थायी समितियों के अध्यक्ष संबंधित समिति के निर्वाचित सदस्य अपने बीच से चुनेंगे। साथ ही यह भी प्रस्तावित किया गया है कि कोई भी पंच एक से अधिक स्थायी समितियों का अध्यक्ष नहीं बन सकेगा।

### कृषि और जल समितियों के सचिव भी तय

प्रस्तावित संशोधन में कृषि, राजस्व एवं वन समिति तथा ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सचिवों के संबंध में भी स्पष्ट व्यवस्था की गई है। कृषि, राजस्व एवं वन समिति के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी को सचिव नामित किया गया है, जबकि ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सचिव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत सचिव को सौंपी जाएगी।

### बैठकों के संचालन के नियम भी बदले जाएंगे

राज्य सरकार ने स्थायी समितियों की बैठकों के संचालन संबंधी नियमों में भी संशोधन का प्रस्ताव रखा है। नए प्रावधान के अनुसार समिति की बैठक की अध्यक्षता समिति का अध्यक्ष करेगा। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में समिति का कोई अन्य सदस्य बैठक की अध्यक्षता कर सकेगा।15 दिन तक मांगे गए सुझावसरकार ने मसौदा राजपत्र में प्रकाशित कर दिया है और कहा है कि 15 दिनों के भीतर प्राप्त होने वाले सुझावों और आपत्तियों पर विचार किया जाएगा। इसके बाद संशोधित नियमों को अंतिम रूप दिया जा सकता है। यह संशोधन ऐसे समय प्रस्तावित किया गया है जब केंद्र और राज्य सरकारें ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को पंचायत स्तर पर अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दे रही हैं। प्रस्तावित बदलावों से ग्राम पंचायतों में जल एवं स्वच्छता प्रबंधन को अधिक संस्थागत और सहभागी स्वरूप मिलने की संभावना है।

### एयरपोर्ट में मनाया गया यात्री सुविधा दिवस



**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद विमानतल में सोमवार को "यात्री सुविधा दिवस" का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य यात्रियों को एयरपोर्ट में उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक करना, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण एवं यात्रियों के मध्य बेहतर संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों का गुलाब पुष्प एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्कूली बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताए आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यात्रियों, आगंतुकों एवं कर्मचारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप



### सुंदरकांड सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रायपुर। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर बुढ़ापारा स्थित दक्षिणमुखी संकटमोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में 11 सुंदरकांड पाठ का आयोजन रखा गया। सुंदरकांड करने से घर में सुख-शांति आती है और नकारात्मकता दूर होती है। यह जानकारी मंदिर के वर्तमान महंत राजेश शर्मा ने देते हुए बताया कि विश्व शांति एवं छत्तीसगढ़ की सुख, शांति, समृद्धि के लिए यह आयोजन रखा गया है।

### विधायक शर्मा का तूफानी दौरा, कार्यकर्ता के घर जमीन पर बैठकर किया भोजन



रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाये जा रहे 'विशेष जनसंपर्क अभियान' के लगातार पांचवे दिन अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने सोमवार को विधानसभा मंडल के ग्राम नीलजा और सारागांव का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर जाकर ग्रामीणों तक पहुंचाई। इस दौरान विधायक अनुज शर्मा की सादगी और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका स्नेह एक बार फिर देखने को मिला।

## निधन

### वीरेंद्र कुमार वर्मा



रायपुर। ग्राम चंदखुरी निवासी वीरेंद्र कुमार वर्मा (56) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 जून को उनके गृहग्राम में किया गया। वे शुभम वर्मा के पिता और राजेंद्र वर्मा, तोषी के छोटे भाई थे।

### दशरथ सिंह क्षत्रिय



रायपुर। भावना नगर शंकर नगर निवासी दशरथ सिंह क्षत्रिय का 15 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 जून को सुबह 9 बजे शंकर नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रेखा क्षत्रिय के पति एवं शिखर सिंह क्षत्रिय के पिता थे।

### सुमन पाटिल



रायपुर। रजवाड़ा सिटी निवासी सुमन पाटिल (88) का 15 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 जून को सुबह 9 बजे निवास स्थान से दलदल सिवनी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संजय, संदीप एवं उषा की माता थीं।

# खेल गतिविधियों के लिए सीबीएसई का रजिस्ट्रेशन नहीं, पोर्टल ठप

## क्रैश हो रहा है पोर्टल, लॉग-इन और डेटा अपलोड करने में समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इच्छुक छात्रों के लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन गेम्स के लिए रजिस्ट्रेशन कराना एक चुनौती बन गया है। कई दिनों से तकनीकी खराबी और सर्वर से जुड़ी समस्याओं के कारण सीबीएसई का रजिस्ट्रेशन पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा है। इसके कारण स्कूल अपने छात्रों का रजिस्ट्रेशन नहीं कर पा रहे हैं। स्कूलों का कहना है कि पोर्टल अक्सर क्रैश हो जाता है या लॉग-इन और डेटा अपलोड करने में दिक्कतें आती हैं। 16 जून की डेडलाइन तक लगातार कोशिशों के बावजूद, इन तकनीकी समस्याओं के कारण बड़ी संख्या में छात्रों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका। शिक्षकों और स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर्स का कहना है कि अगर जल्द ही कोई समाधान नहीं निकला, तो कई प्रतिभाशाली छात्र सीबीएसई गेम्स में भाग लेने का मौका चूक जाएंगे।

अभिभावकों ने भी इसे लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि छात्रों ने प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत की है, लेकिन तकनीकी खामियों के कारण वे रजिस्ट्रेशन नहीं करा पा रहे हैं। गौरतलब है कि शुरुआती डेडलाइन 16 जून है लेकिन जो छात्र इसे चूक गए हैं वे प्रति छात्र 1,000 रुपए की लेट फीस देकर 20 जून तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। लेकिन पोर्टल ही नहीं खुल पाने के कारण बढ़ाई गई तिथि का भी छात्रों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**खास बातें**

- जो छात्र इसे चूक गए हैं वे प्रति छात्र 1,000 रुपए की लेट फीस देकर 20 जून तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं




### पहले भी शिकायत

गौरतलब है कि मौजूदा वर्ष में यह पहली बार नहीं है, जब सीबीएसई पोर्टल को लेकर छात्रों ने शिकायत की हो। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन किए गए थे। उस दौरान भी पोर्टल ठप होने जैसी कई तरह की शिकायतें सामने आई थीं। एक बार फिर छात्रों के सामने वही स्थिति निर्मित हो गई है। तब सीबीएसई द्वारा आवेदन तिथि में वृद्धि की गई थी। छात्र अब पुनः तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

## झूठी शानो शौकत, सामाजिक रसूख का झांसा देकर कारोबारियों को जाल में फंसाया

# शुगर ट्रेडर्स यूनियन का सचिव बताकर रायगढ़ के ट्रांसपोर्टर ने आधा दर्जन कारोबारियों से दो करोड़ ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायगढ़ के एक ट्रांसपोर्टर तथा उसके बेटे के खिलाफ रायपुर तथा अंबिकापुर के पांच कारोबारियों ने खमतराई थाना में दो करोड़ एक लाख 36 हजार रुपए ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारियों ने पुलिस को बताया है कि जालसाज ट्रांसपोर्टर ने खुद को शुगर ट्रेडर्स यूनियन का सचिव बताकर उन्हें अपने झांसे में लेकर ठगी का शिकार बनाया है। जालसाज ने कारोबारियों के साथ अप्रैल-मई के बीच ठगी की है।

श्रीनगर रोड स्थित मेसर्स सिंघल प्रोविजन स्टोर के संचालक राजेश अग्रवाल ने रायगढ़ स्थित महावीर ट्रांसपोर्ट के प्रोप्राइटर राजेश कुमार अग्रवाल तथा उसके बेटे शैलेष कुमार अग्रवाल के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया है कि ट्रांसपोर्ट कारोबारी तथा उसके बेटे ने नियोजित योजना के तहत अपनी वास्तविक आर्थिक स्थिति एवं भुगतान क्षमता छिपाकर, झूठी व्यापारिक एवं सामाजिक साख प्रदर्शित कर, भुगतान का झूठा आश्वासन देकर कारोबारियों के साथ ठगी की है। ट्रांसपोर्टर बाप-बेटे के खिलाफ नितेश जैन, रूपक अग्रवाल, धीरज धुप्पड़, ममता जैन, मदन लाल अग्रवाल, अमित छाबडिया, प्रकाश अग्रवाल ने भी ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।



### कारोबारियों को विश्वास में लेने बनाया वाट्सएप ग्रुप

जालसाज ट्रांसपोर्टर ने कारोबारियों को झांसे में लेने के लिए ओड़िशा, मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ थोक शक्कर कारोबारियों के नाम से एक वाट्सएप ग्रुप बनाया था। उक्त वाट्सएप ग्रुप एवं अन्य माध्यमों से ट्रांसपोर्टर ने अपनी व्यावसायिक क्षमता, सामाजिक प्रतिष्ठा एवं आर्थिक सामर्थ्य का प्रचार-प्रसार कर व्यापारियों के मध्य अपनी विश्वसनीयता स्थापित करने का काम किया।

### होटल में मीटिंग कर शक्कर का जल्द भुगतान करने झांसा दिया

कारोबारियों ने पुलिस को बताया कि झांसे में लेने के लिए रायगढ़ का ट्रांसपोर्टर उनके साथ होटल में मीटिंग कर शक्कर खरीदने आर्डर लेता था। साथ ही तीन से चार दिन में भुगतान करने तत्काल में टोकन मनी देकर शक्कर खरीदने का आर्डर देता था। जिन कारोबारियों ने जालसाज ट्रांसपोर्टर और उसके बेटे के साथ कारोबारी एग्रीमेंट कर शक्कर का आपूर्ति की, कारोबारी ने उन लोगों को पैसा देने के बजाय उनका मोबाइल ब्लाक कर अपने द्वारा बनाए गए वाट्सएप ग्रुप से रिमूव कर दिया। अपने साथ ठगी का एहसास होने पर कारोबारी, ट्रांसपोर्टर बाप-बेटे के खिलाफ थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराने पहुंचे।

### ट्रांसपोर्टर के अलावा बताता था कोल्ड स्टोरेज का मालिक

कारोबारियों को झांसे में लेने के लिए ट्रांसपोर्टर राजेश अग्रवाल खुद को चंडीराम कोल्ड स्टोरेज का मालिक बताता था। साथ ही अपने आपको बड़े स्तर का शक्कर व्यापारी तथा आर्थिक रूप से संपन्न व्यक्ति बताता था। इसके अतिरिक्त वह छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्यप्रदेश शुगर व्यापारी यूनियन एवं शुगर ट्रेडर्स का सचिव बताता था।

## सार्वजनिक मूत्रालय की बदबू से भड़के व्यापारी, नेता प्रतिपक्ष से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दर्जी लाइन व्यापारी संघ के सदस्यों ने सोमवार को गांधी सदन में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी से मुलाकात कर उन्हें अमरदीप टाकीज रोड में स्थापित खुला मूत्रालय से उठने वाली बदबू से हो रही परेशानी से अवगत कराते हुए उसे अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। उनका कहना है कि

दुकान खोलते ही नाक बंद करनी पड़ती है। दुकान में आने वाले ग्राहक 2 मिनट से ज्यादा नहीं रुकता। नगर निगम उनसे टैक्स तो समय पर लेता है, लेकिन बदबू का समाधान नहीं करता। व्यापारियों ने कहा रायपुर स्मार्ट सिटी में खुले में मूत्रालय से उठने वाली सड़ांध से पूरा बाजार बीमार हो रहा है। गंदगी पनपने से मक्खी-मच्छर का आतंक है। यही नहीं, हमारी दुकान में बिक्री आधी हो गई है।

सार्वजनिक यूरिनल की रोज सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर सिर्फ पानी का छिड़काव कर देते हैं। इस मार्ग में आने-जाने वाली महिलाओं को नाक में रूमाल रखकर निकलना पड़ता है। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी को दर्जी लाइन के व्यापारियों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने इस समस्या के समाधान के लिए 3 प्रमुख मांगें सामने रखी हैं। 7 दिन के अंदर शहर के सभी सार्वजनिक यूरिनल स्पॉट की सघन सफाई की जाए और अमरदीप टाकीज रोड पर स्थित सार्वजनिक यूरिनल को वहां से हटाया जाए।

# रायपुर के किशोर की पुरी के समुद्र की लहरों में फंसकर डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- परिजनों ने गोताखोरों से मदद नहीं मिलने का लगाया आरोप

परिजनों के साथ ओडिशा, जगन्नाथ पुरी घूमने गए एक किशोर की समुद्र की लहरों में फंसने और गहराई में समा जाने से सोमवार को मौत हो गई। किशोर अपने मौसी तथा अन्य परिजनों के साथ गया हुआ था। घटना के बाद समुद्र तट पर चीख पुकार मच गई। परिजनों ने गोताखोरों पर मदद नहीं करने का आरोप लगाया है। मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन शव रायपुर ला रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक मरवाड़ी शमशान घाट के पास रहने वाला पीयूष कुमार बाघ अपनी मौसी, बुआ तथा अन्य रिश्तेदारों के साथ पुरी की सैर करने के लिए गया था। सुबह 11 बजे परिजन समुद्र तट पर नहाने के लिए गए हुए थे। इस दौरान पीयूष समुद्र की लहरों में फंस गया और वह समुद्र की लहर के साथ पानी की गहराइयों में चला गया। पीयूष को परिजन समुद्र की लहरों में जाते देखा, तो गोताखोरों से मदद मांगी।



परिजनों के आरोपों के अनुसार गोताखोरों ने उनकी मदद करने के बजाय उन्हें इस बात की शिकायत कराने के लिए कहा। इसके बाद पीयूष को समुद्र की गहराइयों से निकालने की बात कही। परिजनों ने बताया है कि जब तक वे शिकायत कराने जाते, तब तक पीयूष की मौत हो चुकी थी। पीयूष दो भाई बहनों में सबसे छोटा था, वह आठवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा था। पीयूष के माता पिता निगम में काम करते हैं।

## क्लब में कालेज छात्रों के साथ मारपीट

रायपुर। तेलीबांधा थाना में एक निजी कालेज में पढ़ाई कर रहे छात्र ने तीन युवक तथा उनके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्रों के साथ मारपीट की घटना शनिवार देर रात वीआईपी रोड स्थित एफ लाऊंज क्लब में हुई। कालेज छात्र अपने एक साथी के जन्मदिन की पार्टी मनाने क्लब पहुंचा था। इस दौरान बदमाशों ने छात्रों के साथ मारपीट की। शंकराचार्य कालेज में बी. कॉम फर्स्ट इयर में पढ़ाई कर रहे मूलतः बलौदाबाजार के छात्र शशंक बंजारे ने बैजनाथपारा निवासी आयन, अबुजर, मजी उल्लाह ऊर्फ मज्जू एवं उनके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शशांक ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वो हर्ष पटेल, इयाना धृतलहरे, हर्ष सिन्हा के साथ अपने दोस्त ईशान पेशवानी की बर्थडे पार्टी मनाने क्लब गए थे। इस दौरान इयाना के साथ आयन तथा उसके साथी धक्का मुक्की करने लगे। साथ गए लड़कों ने धक्का मुक्की करने का विरोध किया, तो आयन तथा उसके साथी ने इयाना तथा शशांक के साथ मारपीट की।

## बिजनेस साइट

### हैदराबाद इन्वेस्टर कनेक्ट में छत्तीसगढ़ को 9,500 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव, 7,500 रोजगार सृजन की संभावना




रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन और सीआईआई (कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री) के संयुक्त तत्वावधान में हैदराबाद में आयोजित 'छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट' कार्यक्रम में निवेशकों ने राज्य में निवेश को लेकर मजबूत रुचि दिखाई। कार्यक्रम के दौरान आईटी, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में लगभग 9,500 करोड़ रुपये के निवेश संबंधी समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिनसे राज्य में करीब 7,500 रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। उन्होंने निवेशकों को संबोधित करते हुए राज्य की निवेश-अनुकूल नीतियों, औद्योगिक विकास की संभावनाओं और सुशासन आधारित कारोबारी वातावरण की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष में राज्य में लगभग 8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर एमओयू किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में सीआईआई छत्तीसगढ़ के चेयरमैन बजरंग गोयल, वाइस चेयरमैन आनंद सिंघानिया, पूर्व चेयरमैन संजय जैन सहित उद्योग जगत के अनेक वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बैंक ऑफ इंडिया और एनएचएम छत्तीसगढ़ के बीच एमओयू

रायपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) छत्तीसगढ़ ने अपने कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया के साथ महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) किया है। इस करार के तहत एनएचएम के सभी कर्मचारियों, विशेषकर संविदा कर्मियों को पहली बार टर्म लाइफ इंश्योरेंस और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। एमओयू के अनुसार कर्मचारियों को 6 लाख रुपये तक का टर्म लाइफ इंश्योरेंस कवर मिलेगा। वायु दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2 करोड़ रुपये तथा व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु या पूर्ण स्थायी विकलांगता की स्थिति में 1.40 करोड़ रुपये तक का बीमा लाभ प्रदान किया जाएगा। आंशिक विकलांगता पर 70 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान है। योजना में कर्मचारियों के परिवारों को भी लाभ मिलेगा। दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में दो बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा निशुल्क डेबिट-क्रेडिट कार्ड, आरटीजीएस, एनईएफटी और अन्य बैंकिंग सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।



### मैट्स विश्वविद्यालय में 'मेंटल हेल्थ केयर' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस



रायपुर। मैट्स विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'मेंटल हेल्थ केयर' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन में देशभर से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और विद्यार्थियों ने भाग लेकर मानसिक स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े समकालीन मुद्दों एवं नवीन आयामों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार पात्रा ने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एक-दूसरे के पूरक हैं। मुख्य वक्ता काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट डॉ. अम्बा सेठी ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों, समय रहते पहचान और हस्तक्षेप की जरूरत पर प्रकाश डाला। कॉन्फ्रेंस का संयोजन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शाइस्ता अंसारी ने किया। इस अवसर पर कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति (प्रो.) डॉ. के. पी. यादव, कुलसचिव गोकुलानंदा पांडा एवं महानिदेशक प्रियेश पगारिया उपस्थित रहे।

### उड़ान आईएएस एडमिनिस्ट्रेटिव एकेडमी के नए बैच शुरू

रायपुर। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए उड़ान आईएएस एडमिनिस्ट्रेटिव एकेडमी ने छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती परीक्षा तथा सीजीपीएससी 2026-27 राज्य सेवा परीक्षा हेतु नए बैच प्रारंभ करने की घोषणा की है। संस्थान द्वारा ऑनलाइन, ऑफलाइन और रिकॉर्डेड कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे प्रदेशभर के विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें। संस्थान के अनुसार शिक्षक भर्ती परीक्षा (वर्ग-2) हिन्दी विषय की विशेष कक्षाएं 17 जून से शुरू होंगी। इसके अलावा सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) एवं शिक्षक वर्ग-2 विज्ञान विषय के लिए भी विशेष बैच संचालित किए जाएंगे। विद्यार्थियों को नवीनतम परीक्षा पैटर्न के अनुरूप अध्ययन सामग्री और अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

### दो हाइड्रोलिक पार्किंग...

नगर निगम मुख्यालय परिसर और नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित पंडरी कपड़ा मार्केट क्षेत्र में अनुबंधित एजेंसी 2 स्थानों पर हाइड्रोलिक पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराएगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है निगम मुख्यालय परिसर में स्वचालित हाइड्रोलिक पार्किंग नगर निगम के कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए बनकर तैयार है।

### बड़े नालों की सफाई का ...

'रफ्तार रही तो बारिश सीजन में नालों में जाम कूड़ा और अपशिष्ट ओवरफ्लो होकर रहवासी इलाकों में कहर बरपाएगा। एक रिपोर्ट -

### बोरिया तालाब के सामने ...

नाला सफाई का काम प्रभावित हुआ है। शुरूआत में एक दो दिन के लिए नाला सफाई कराने मशीन आई , पर डीजल की दिक्कत बताकर मशीन वापस चली गई। इस वार्ड के दूसरे नाला माता कौशिल्या विहार से काठाडीह रोड स्थित है जिसकी बारिश पूर्व सफाई का कार्य शुरू नहीं हो पाया। मुख्य मार्ग से शाश्वत नगर का बड़ा नाला सफाई शुरू नहीं हो पाया। जोन 10 से मशीन मांगी मशीन तीन दिन पहले आई मुख्य मार्ग शाश्वत नगर नाले की सफाई कर रही है।

## पेज 11 के शेष ...

### डूमतराई तालाब मेन ...

गंदगी रहवासी इलाके में लोगों की परेशानी का कारण बनेगी। निगम मुख्यालय से जोन को 35 सफाई कर्मचारी नाला सफाई के लिए दिए गए हैं, पर आज तक मेनुवल सफाई के लिए जोन से सफाई कर्मचारी नहीं दिए। इसी तरह वार्ड वर्धमान नगर देवपुरी श्मसान घाट के पास कच्ची नाली को पक्का बनाने प्रस्ताव भेजा गया है बारिश से पहले इसकी मंजूरी नहीं मिली तो डूमतराई शीतला मंदिर रोड वाली बस्ती में जलभराव की स्थिति बनते देर नहीं लगेगी।

### शहीद राजीव पांडे....

बारिश के समय नाले का गंदा पानी ओवर फ्लो होकर रहवासी इलाके में जलभराव का कारण बनेगा। पूर्व जोन अध्यक्ष निशा-देवेंद्र यादव का कहना है कि उनके कार्यकाल में मार्च महीने में ही जोन से ठेके पर रखे सफाई कर्मचारी लगाकर नाले की सफाई का कार्य कराते थे, इसके बाद जेसीबी मशीन से नाला सफाई बारिश पूर्व करा लिया करते। इस बार अभी तक मार्बल लाइन वाले बड़े नाले की सफाई प्रभावित है।

### परीक्षा है या मजाक? रविवि ने...

होने के कारण छात्रों ने इस तिथि का विरोध किया। इसके बाद रविवि ने समय-सारिणी में सुधार करते हुए छात्रों को 18 जून की नई तिथि दे दी। रविवि द्वारा पहले से ही इन कक्षाओं के एक विषय की परीक्षाएं 17 जून को आयोजित थी। ठीक अगले दिन परीक्षा रखे जाने के कारण छात्रों का तैयारी का पर्याप्त वक्त नहीं मिल पा रहा था। छात्रों ने पुनः इसका विरोध किया। छात्रों की परेशानी और विरोध को देखते हुए रविवि ने अब 18 जून को होने वाली परीक्षा 20 जून को आयोजित करने का निर्णय लिया है। समय-सारिणी में बदलाव करते हुए संशोधित अधिसूचना भी सोमवार को जारी कर दी गई है। **महाविद्यालय संघ लिख चुका है खत** : परीक्षा तिथि और उसमें शामिल होने वाले छात्र संख्या के आधार पर केंद्र बनाए गए महाविद्यालयों को आवश्यक व्यवस्थाएं करनी पड़ती हैं। इसमें बैठक व्यवस्था से लेकर प्राध्यपकों की ड्यूटी लगाए जाने तक की प्रक्रिया शामिल है। बार-बार बदलाव से महाविद्याल भी परेशान हो गए हैं। महाविद्यालय संघ द्वारा रविवि को पत्र लिखकर मांग की जा चुकी है कि वे समय-सारिणी बनाने वाली कमेटी में पूर्व की तरह प्राचार्यों और विशेषज्ञों को शामिल करें, लेकिन विवि प्रबंधन द्वारा अब तक कोई कदम सुधार की दिशा में नहीं उठाया गया है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला-रायपुर::**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांकः- 08/06/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- मुजगहन प.ह.न.-82 रा.नि.मं.-रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदक दयाराम, चेतन, महेश्वरी वगैरह पिता जिवराखन निवासी ग्राम- मुजगहन द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 47/1 रकबा 0.0450 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. अ-12 वर्ष- 2026 आदेश दिनांक 05/06/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 23/06/2026 को किया जाना नियत है।

अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो, तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-18 रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 03/06/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक शिवकुमार सोनकर पिता स्व. श्री टेटकू राम सोनकर निवासी जुलुम, अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1/20, 1/22, 1/27, 1/28 रकबा क्रमशः 0.2280 हे. 0.2750 हे. 0.1290 हे., 1.770 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. /क/वाचर/अति. तह./2026 रायपुर दिनांक 25/05/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 30/06/2026 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-10 कांदुल

**आम सूचना**

एतद द्वारा आमजनों को सूचित किया जाता है कि Flat no. B 202, Block- B, Golden Sands, Shankar Nagar, Raipur (C.G.) के विक्रय हेतु M/s Nexus Devcon Pvt. Ltd. द्वारा डायरेक्टर श्री तरुण मारवाह, कार्यालय - B-38, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर (छ.ग.) (बिल्डर) एवं क्रेता- श्री राजेश कुमार पाण्डेय, पिता- त्रिवेणीलाल पाण्डेय, निवासी- म. नं. MIG- 101, फेस-4 कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.) अन्य पता- ग्राम- गजेहरी, पोस्ट - कुम्भापुर, तहसील- लालगंज, अजहरा, प्रतापगढ़ (उ. प्र.) के मध्य निष्पादित विक्रय इकरारनामा दिनांक 02/07/2019 का अनुपालन एवं विक्रय प्रतिफल की सम्पूर्ण राशि का भुगतान नहीं होने के कारण उसे दिनांक 24/10/2024 को निरस्त कर दिया गया है। बिल्डर एवं क्रेता के मध्य उक्त विक्रय इकरारनामा समाप्त कर दिया गया है, तथा उभयपक्षों के मध्य किसी भी प्रकार का लेन-देन शेष नहीं है। क्रेता अपने ऋण, देनदारियों, खर्चे एवं क्षति के लिए स्वयं उत्तरदायी है।

उक्त फ्लैट - संपत्ति का स्वामित्व एवं आधिपत्य केवल बिल्डर का है जिसे वह अपनी आवश्यकतानुसार उपयोग- उपभोग, विक्रय-सौदा, भोग- बंधक, दान-वसीयत आदि कर सकता है। आम जनो से आग्रह है कि उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में क्रेता से किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेन - देन इत्यादि ना करें। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक या निकाय इत्यादि को दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में दिए गए, कार्यालय पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज दर्ज करावें अन्यथा निर्धारित अवधि उपरांत उक्त संपत्ति के संबंध में प्राप्त दावा- आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी ।

तदानुसार सर्व साधारण को सूचनार्थ ।

स्थान : रायपुर
दिनांक : 20/03/2026

सौरभ चौधरी (अधिवक्ता)
कार्यालय- डी4&5, 4th फ्लोर, कोरम काम्प्लेक्स (SIS), VIPचौक, तेलीबांधा, रायपुर छत्तीसगढ़
मो. + 91 81098 9675

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती पूनम सचदेव पति श्री प्रेमकिशन सचदेव, निवासी- एल.आई.जी. - 432, सेक्टर-02, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, डंगनिया, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की आवासीय लीज होल्ड संपत्ति मकान/प्लॉट क्रमांक- Sr. MIG-704, सेक्टर- 02, खसरा नंबर 83/8 का भाग, कुल क्षेत्रफल 140.25 वर्ग मीटर (1509.09 वर्ग फीट), जो कि छत्तीसगढ़ हाउसिंग Board कॉलोनी, मौजा डंगनिया, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, वार्ड क्रमांक 40 (पुराना 69), प.ह.नं. 104 /35/58, रा.नि.मं. रायपुर-13-भाठागांव (पुराना रायपुर- 1), तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार हैः - **उत्तर में** : MIG मकान, **दक्षिण में**: रास्ता / सड़क, **पूर्व में**: Sr. MIG-703, **पश्चिम में**: Sr. MIG-705 को क्रय करने का सौदा किया गया है।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि या उसके किसी भाग के स्वत्व एवं आधिपत्य या उक्त संव्यवहार / अंतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय विभाग, बोर्ड, निगम, समिति, साहूकार आदि को कोई दावा-आपत्ति हो तो वह 07 दिनों के अंदर इस सूचना प्रकाशन दिनांक 12-06-2026 से अपनी आपत्ति सुसंगत दस्तावेजों सहित मेरे नीचे दिये पते पर मेरे समक्ष लिखित में प्रस्तुत करें।

**पक्षकार का पता**:- एल.आई.जी. - 432, सेक्टर-02, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, डंगनिया, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)।

**अधिवक्ता कार्यालय का पता**:- 139, हनुमान नगर, कालीबाड़ी चौक, 492001 (छ.ग.)।

उक्त आम सूचना का खंडन समाचार पत्र के माध्यम से ही स्वीकार होगा। म्याद बाद उक्त भूमि का मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में क्रय/पंजीयन (रजिस्ट्री ) करवा लिया जावेगा। तदोपरांत की गई दावा-आपत्ति अवैध व शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जारी।

स्थान :- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 12-06-2026

हस्ताक्षर
राजेश कुमार सिंह चौहान (अधिवक्ता)
मो. +9181203-77777 / 47777 / 00777











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 43 शिविर में 37874 आवेदन इनमें 33839 निराकृत

**रायपुर।** रायपुर जिले में सुशासन तिहार 40 दिनों तक चला। इस दौरान शहरी एवं एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 43 जनसमस्या निवारण शिविर लगाए गए, जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 37 हजार 874 आवेदन प्रशासन को प्राप्त हुए। इन आवेदनों में 33 हजार 839 आवेदनों का निराकरण कर दिए गए हैं, वहीं शेष 4 हजार 35 आवेदन लंबित हैं, जिनका निराकरण किए जाने की प्रक्रिया जारी है। प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार सुशासन तिहार सभी विकासखंड के गांवों एवं नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण शिविर लगाए गए। इन शिविरों में जनता ने राशन कार्ड, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लाइसेंस, प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य विभाग एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन दिए गए। इनमें ज्यादातर आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया। राशन कार्ड, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लाइसेंस आदि मौके पर ही बनवाकर आवेदकों को प्रदान किए गए। इस तरह कुल 43 शिविर 37874 आवेदनों में 33839 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

### समस्याओं का निराकरण करने 3 दिन लगेगा पंजीकरण शिविर

**रायपुर।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेशभर में जन कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण करने के लिए राजस्व अनुभागों में तीन दिन विशेष पंजीकरण शिविर लगाए जाएंगे। 18 से 20 जून तक चलने वाले इस शिविर में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए नए पंजीयन, त्रुटि सुधार एवं समस्याओं का निराकरण होगा। इन स्थानों पर लगेंगे शिविर पंजीकरण शिविर तिल्दा-नेवरा विकासखंड में 18 जून को नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा में लगेगा। 19 जून को शासकीय हाई स्कूल खपरीकला तथा 20 जून को सांस्कृतिक भवन खरोरा में लगाया जाएगा।

### प्रधानमंत्री आवास योजना, पात्र हितग्राहियों को मिली स्वीकृति



**रायपुर।** नगर निगम जोन 10 के बाबू जगजीवन राम वार्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 125 पात्र हितग्राहियों को उनके आवेदन प्रकरणों में पक्के आवास बनाने की स्वीकृति मिली है। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के नेतृत्व में वार्ड के जरूरतमंद परिवारों को रहने के लिए पक्के घर की सुविधा उपलब्ध कराने पहल की गई। वार्ड पार्षद मनोज जांगड़े ने शासन की जन हितैषी योजना से हितग्राहियों को अवगत कराते हुए उनके आवेदन जोन के माध्यम से निगम मुख्यालय में भेजे। इसमें 125 पात्र हितग्राहियों ने इस योजना का लाभ उठाते हुए खुद के पक्का घर के सपने को साकार किया।

# अन्य राज्य के डाक्टरों को छत्तीसगढ़ में प्रैक्टिस की अनुमति, आदेश पर बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**

- स्वास्थ्य विभाग के आदेश को स्थानीय डाक्टरों ने बताया कुठाराघात
- छात्र संगठनों ने खोला मोर्चा

छत्तीसगढ़ में प्रैक्टिस करने सीजीएमसी में पंजीयन की अनिवार्यता को समाप्त करने के आदेश ने बवाल मचा दिया है। चिकित्सा छात्र एवं डाक्टरों के संगठनों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

छात्र संगठन से जुड़े डाक्टरों का तर्क है कि यह स्थानीय डाक्टरों के हितों पर कुठाराघात हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार रिक्त पदों पर नियमित भर्ती, पदोन्नति और कार्य परिस्थितियों में सुधार के बजाए स्थानीय डाक्टरों में असुरक्षा की भावना लाने का प्रयास कर रही है।छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मंत्रालय के आदेश के आधार पर छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल की ओर से अधिसूचना जारी की गई है कि अन्य राज्यों के एलोपैथी डाक्टरों को वर्तमान में पंजीयन से सम्बंधित प्रक्रियाओं के अलावा, उनके द्वारा प्रस्तुत स्वप्रमाणन के आधार पर भी सत्यापन के आधीन छत्तीसगढ़ राज्य में चिकित्सकीय व्यवसाय करने की अनुमति प्रदान की जा सकेगी। छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन एवं जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन इस अधिसूचना का कड़ा विरोध किया हैं।

उनका तर्क है कि प्रदेश के हजारों युवा चिकित्सक, इंटर्न, जूनियर डॉक्टर एवं मेडिकल छात्र पहले से ही सीमित रोजगार अवसरों, रिक्त पदों पर भर्ती में विलंब तथा सेवा संबंधी अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में बाहरी राज्यों के चिकित्सकों के लिए बिना किसी स्थानीय नियामक प्रक्रिया के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करना राज्य के चिकित्सकों के भविष्य के साथ अन्याय है।



### किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं

यह निर्णय राज्य के मूल निवासियों, स्थानीय चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा पैरामेडिकल कर्मियों के रोजगार अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। यह अधिसूचना नर्सिंग एवं पैरामेडिकल क्षेत्र से जुड़े हजारों युवाओं को भी प्रभावित करेगी। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा. रेशम सिंह, जेएनएम मेडिकल कालेज अध्यक्ष डा. पीयूष श्रीवास्तव तथा सीजीडीएफ के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह लोधी ने कहा कि यदि चिकित्सक समुदाय को अपने अधिकारों एवं भविष्य की सुरक्षा के लिए आंदोलन, विरोध प्रदर्शन अथवा हड़ताल जैसे कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ता है, तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग एवं राज्य शासन की होगी। छत्तीसगढ़ के चिकित्सकों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

## इनमें बहुतों की सिर्फ ऑनलाइन-कागजों पर नियुक्ति, हकीकत में बेरोजगार

# 643 को ट्रेनिंग, 591 की नियुक्ति, युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज रायपुर में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को उनकी रुचि के अनुसार सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटीशियन, कंप्यूटर हार्डवेयर, प्लम्बिंग और हॉस्पिटेलिटी जैसे पारंपरिक व्यवसायों से संबंधित तकनीकी कोर्स का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले बेरोजगारों को आवश्यकता के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास भी किया जाता है, लेकिन अब देखा यह जा रहा है कि युवाओं को पूरी ईमानदारी से प्रशिक्षण तो दिया जा रहा है, लेकिन इसमें पास होने वाले युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। ऐसा मामला रायपुर जिले में सामने आया है, जिसमें 98 बेरोजगार युवाओं को ट्रेनिंग देने के बाद उनकी नियुक्ति संबंधित पत्र भी जारी होता है, लेकिन नियुक्ति सिर्फ ऑनलाइन एवं कागजों पर कर दी गई है। हकीकत में 70 से ज्यादा युवाओं को नौकरी नहीं मिल पाई है।

### मामले में जवाब से बच रहे अधिकारी

इस मामले में पीएचई विभाग के जिला अधिकारी अनिल बच्चन भी कुछ भी जानकारी देने से बच रहे हैं। संपर्क करने के बाद भी उनके द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई। इधर नियुक्ति नहीं मिलने पर बेरोजगार युवाओं ने जिला पंचायत रायपुर के सीईओ कुमार बिश्वरंजन से शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा भी अब तक मामले में कार्यवाही नहीं की गई है।



*नल-जल मित्र के तहत प्लम्बिंग की ट्रेनिंग करने वाले ज्यादातर बेरोजगार : मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण योजना के तहत नल-जल मित्र जल प्रदाय अंतर्गत लगभग 98 युवाओं ने प्लम्बिंग की ट्रेनिंग ली थी। ट्रेनिंग लेने के बाद सभी युवाओं को जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रत्येक ग्राम में पानी टंकी से घर-घर जल प्रदाय कराने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर (पीएचई) के माध्यम से 10 से 16 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन पर नौकरी पर रखने के निर्देश दिए गए थे। इस निर्देश के तहत पीएचई विभाग ने सभी ग्राम पंचायतों को ट्रेनिंग लेने वाले प्रत्येक युवा के नाम से पत्र लिखकर नौकरी पर रखने के लिए कहा है, लेकिन इसके बाद भी इन युवाओं को अब तक नौकरी नहीं दी गई है।*

### हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया मामला

*हरिभूमि ने रायपुर जिले में मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा युवाओं को दी गई ट्रेनिंग में उत्तीर्ण हुए बेरोजगारों में कितनों को रोजगार मिला है इसकी पड़ताल की। इस दौरान पता चला कि युवाओं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा विभिन्न कोर्स की ट्रेनिंग तो दी जा रही है, लेकिन उसकी तुलना में उन्हें रोजगार मिल नहीं पा रहा है। विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में लाईवलीहुड कॉलेज के माध्यम से कुल 643 युवाओं को विभिन्न कोर्स की ट्रेनिंग दी गई है, जिनमें 591 युवाओं को ट्रेनिंग से संबंधित रोजगार भी उपलब्ध करा दिया गया है, जबकि इनमें से कईयों को शासकीय योजना से संबंधित कार्य में नियुक्त करने संबंधित विभागों को पत्राचार भी किया गया है। इसके बावजूद उन्हें नौकरी नहीं दी गई है।*

**केस:1**

*तामासिवनी निवासी दीपक साहू ने बताया कि ट्रेनिंग लेने के बाद से वह बेरोजगार है। उनकी नियुक्ति उनके गांव में ही की गई थी, लेकिन ग्राम पंचायत ने स्पष्ट रूप से नौकरी देने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि पीएचई विभाग वेतन देगा तो नौकरी पर रखेंगे।*

**केस:2**

*कोटा निवासी गुलशन कुमार निषाद भी प्लंबिंग की ट्रेनिंग ले चुका है। उसकी नियुक्ति जलप्रदाय के लिए की गई है, लेकिन ग्राम पंचायत ने नौकरी देने से साफ इंकार कर दिया है।*

**केस:3**

*ग्राम कुहेरा निवासी संजय कुमार धीवर भी ट्रेनिंग लेने के बाद बेरोजगार है। ग्राम पंचायत ने इसे भी नियुक्त करने से इंकार कर दिया है।*

**केस:4**

*ग्राम सेंध निवासी किशन यदू भी ट्रेनिंग लेने के बाद से बेरोजगार भटक रहा है। उसे भी ग्राम पंचायत ने नियुक्ति देने से इनकार कर दिया है।*

## संविदा नियुक्त ना बन जाए बड़ी चुनौती

# मेडिकल के बाद नए फिजियोथैरेपी कालेजों में फैकल्टी की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- खोले जाने है राज्य में छह नए शासकीय फिजियोथैरेपी कालेज, 96 पदों पर होगी भर्ती

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के बाद अब स्वास्थ्य विभाग के सामने खुलने वाले 6 फिजियोथैरेपी कालेजों में फैकल्टी की व्यवस्था बड़ी चुनौती होगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने संविदा आधार पर प्राध्यापक सहित अन्य कुल 96 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए हैं। अभ्यर्थियों को 15 से 21 जून तक आवेदन करने का मौका दिया गया है। इसके लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में 2 से 4 जुलाई तक पूरी की जाएगी। वर्तमान में राज्य में एकमात्र शासकीय फिजियोथैरेपी कालेज का संचालन रायपुर में होता है। चिकित्सा शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए बजट में छह और फिजियोथैरेपी कालेज खोलने की घोषणा की गई थी। यह कालेज बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, जशपुर, मनेन्द्रगढ़ और रायगढ़ में खोला जाएगा। इन कालेजों की अधोसंरचना के विकास के लिए शासन स्तर पर काम शुरू किया गया है। फिजियोथैरेपी कालेजों को भी इसी सत्र से प्रारंभ करने की तैयारी की जा रही है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इन कालेजों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए संविदा आधार प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, प्रदर्शक फिजियोथैरेपी तथा ट्यूटर (आक्यूपेशनल, आर्थोटिस्ट एवं प्रोस्थेटिस्ट) के पद पर भर्ती की जाएगी। इसके




लिए संविदा भर्ती की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। विभागीय सूत्रों का कहना है कि संविदा आधार पर भर्ती जिस तरह नए चिकित्सा महाविद्यलयों में फैकल्टी की व्यवस्था के लिए चुनौती बनी हुई है। उसी तरह फिजियोथैरेपी कालेजों के लिए भी बड़ी समस्या बन सकती है।

### 6 प्राध्यापक की भर्ती

खुलने वाले प्रत्येक शासकीय फिजियोथैरेपी कालेज में एक प्राध्यापक, दो सह एवं 4 सहायक प्राध्यापक, 6 प्रदर्शक एवं तीन 3 ट्यूटर की भर्ती की जाएगी। वर्तमान में राज्य में एकमात्र शासकीय फिजियोथैरेपी कालेज संचालित है जहां 4 सह एवं सहायक प्राध्यापक एवं 6 डेमोस्ट्रेटर कार्यरत है। प्राध्यापक सहित अन्य पद यहां रिक्त है। नए कालेजों में यह पद सृजित किया गया है जिसमें आरक्षण के आधार पर भर्ती प्रक्रिया पूरी होगी।

### दूसरे दौर का आवेदन पूरा

एनएमसी के निरीक्षण के इंकार के बीच राज्य में खुलने वाले नए पांच चिकित्सा महाविद्यालयों में संविदा चिकित्सकों की 149 पदों पर भर्ती के लिए दूसरे दौर में आवेदन जमा करने का दौर पूरा हो गया। पहले दौरान इस संविदा भर्ती के दौरान डाक्टरों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक जैसे पदों के लिए तो आवेदन ही नहीं आए थे, केवल जूनियर रेसीडेंट के लिए कुछ अभ्यर्थी मिले थे।

## तीन दिन तक कराएंगे विरोध दर्ज

# नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने लगाई काली पट्टी, 9 सूत्रीय मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर पालिक निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के आव्हान पर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों ने सोमवार को अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज कराया। तीन दिनों तक नगर निगम के दस जोन, मुख्यालय सहित अन्य शाखाओं में अधिकारी कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन के तहत विरोध दर्ज कराने आगे आए हैं। नगर पालिक निगम अधिकारी-कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव ने बताया कि 2004 के बाद नियुक्त सभी अधिकारी व कर्मचारी को पुरानी पेंशन योजना लागू करने, अधिकारी कर्मचारी की मांगों को नए सेटअप में शामिल करने सहित 9 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। यदि 18 जून के बाद भी नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं की गई तो रायपुर नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी काम ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने बाध्य होंगे। पुरानी पेंशन लागू करने, नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को न्यूनतम 20 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन, प्लेसमेंट कर्मचारियों के नौकरी की सुरक्षा, नगर निगम के निलंबित सभी अधिकारी व कर्मचारियों की बहाली, कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने, बैंक के माध्यम से 1 करोड़ की बीमा शासकीय कर्मचारियों की तरह नगर निगम के कर्मचारियों को बीमा सुविधा देने, पात्र अधिकारी, कर्मचारी को समय सीमा पदोन्नति लाभ दिए जाने की मांग को लेकर अपने हक की आवाज बुलंद करने एकजुट हुए हैं। नगर पालिक निगम अधिकारी, कर्मचारी एकता संघ रायपुर के चरणबद्ध आंदोलन का प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ नगर निगम रायपुर ने समर्थन किया है।

# विद्युत संविदा कर्मचारी नियमितीकरण को लेकर 22 से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जागरूकता अभियान के तहत कार्यालयों में पत्राचार और पोस्टर अभियान भी चलाया जा रहा

छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के आव्हान पर विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी नियमितीकरण की मांग को लेकर 22 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। पॉवर कंपनी के संविदा कर्मचारियों ने रिक्त पदों पर समायोजन करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे 22 जून से प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

नियमितीकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले पॉवर कंपनी के संविदा कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश अध्यक्ष हरिचरण साहू के नेतृत्व में जागरूकता अभियान के तहत कार्यालयों में पत्राचार और पोस्टर अभियान भी चलाया जा रहा है। संगठन के महामंत्री कमलेश भारद्वाज ने बताया कि विद्युत विभाग में एक अरसे सेवा दे रहे संविदा विद्युत कर्मचारियों को अब तक नियमित नहीं किए जाने से कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है। यदि प्रबंधन व सरकार द्वारा पॉवर कंपनी के संविदा कर्मचारियों के मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता तो पूरे प्रदेश में विद्युत आपूर्ति बाधित हो सकती है। संघ के स्पष्ट किया है कि यदि बिजली आपूर्ति बाधित होती है, तो इसकी पूरी जवाबदेही पॉवर कंपनी प्रबंधन और राज्य सरकार की होगी।




# ओडिशा तक पहुंचा मानसून छत्तीसगढ़ नहीं आ रहा, उम्मीद बन रही 20 के आसपास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ओडिशा तक आ चुका मानसून छत्तीसगढ़ आने से हिचक रहा है। पिछले पांच दिन से उसकी गतिविधि में छत्तीसगढ़ की ओर वृद्धि नहीं हुई है। वर्षा की गतिविधि बढ़ने के बाद 20 के आसपास उसके छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने की उम्मीद है। अरब सागर यानी पश्चिम से आने वाली नमीयुक्त हवा और स्थानीय गर्मी के प्रभाव से मध्य हिस्से के लोग ज्यादा हलाकान हैं। इस बार प्री-मानसून ज्यादा साथ नहीं दे रहा है। रायपुर जिले में बीते 15 दिन में केवल 12.7 मिमी. बरसात हुई है और प्रदेश में यह आंकड़ा महज 21.4 मिमी. पर अटका हुआ है।

जून पहला पखवाड़ा बीतने के बाद भी रायपुर समेत मध्य इलाके में गर्मी अपना असर दिखा रही है। पिछली बार मानसून ने 16 जून को छत्तीसगढ़ प्रवेश किया था और 17 जून को रायपुर समेत पूरे प्रदेश में सक्रिय हो गया था। इसके पहले यहां होने वाली प्री-मानसून बारिश की गतिविधि और छाए बादल से गर्मी में राहत थी। इस बार मानसून के लंबे इंतजार के साथ प्री-मानसून की बेहद कमजोर स्थिति गर्मी से सुकून नहीं दे पा रही है। मानसून पूरे आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, बंगाल की खाड़ी तेलंगाना के कुछ और भाग, ओडिशा, झारखंड, बिहार तक पहुंच गया है मगर इसका छत्तीसगढ़ आना अभी अटका हुआ है। राज्य में बारिश की गतिविधि 20 के आसपास बढ़ने की संभावना नजर आ रही है जिससे मानसून को राज्य में आगे बढ़ने के लिए मदद मिल सकती है। अभी ना के बराबर बरसात होने के कारण चिपचिपाहट भरी गर्मी लोगों को हलाकान किए हुए हैं और राज्य का अधिकतम तापमान दुर्ग में 41.2 तक पहुंच गया है।




- पश्चिमी हवा और स्थानीय गर्मी से मध्य हिस्से में लोग हो रहे हलाकान

### बढ़ा हुआ है तापमान

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 39.0 | +3.7 |
| माना | 39.7 | +4.2 |
| बिलासपुर | 39.7 | +1.4 |
| पेंड्रा | 37.0 | +2.8 |
| अंबिकापुर | 36.8 | +2.4 |
| जगदलपुर | 38.3 | +6.3 |
| दुर्ग | 41.2 | +3.9 |

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 16 जून 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




स्कूलों में आज शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। पहली बार नर्सरी व कक्षा 1 में नवप्रवेशी नौनिहालों का शिक्षक गुलाल लगाकर शाला में स्वागत करेंगे। वहीं पैरेंट्स ने पहली बार स्कूल की दहलीज पर कदम रखने वाले अपने बच्चे की शाला प्रवेश को लेकर पूरी तैयारी की है। बच्चों की स्टेशनरी से लेकर उनके खाने-पीने की सामान की खरीदारी महीनेभर पहले से ही पैरेंट्स ने कर ली थी, ताकि शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों के स्कूल बैग में रबर, पेंसिल, कॉपी, बैग, लंच बॉक्स, पानी बॉटल जैसे जरूरी सामान की कमी न रह जाए।

# पहली बार स्कूल जा रहे बच्चों के पैरेंट्स ने की तैयारी, नौनिहालों का आज शाला प्रवेशोत्सव

## नर्सरी व कक्षा 1 में नवप्रवेशी नौनिहालों का शिक्षक गुलाल लगाकर शाला में करेंगे स्वागत

**रायपुर।** पैरेंट्स ने बच्चों को किसी भी चीज की कमी न हो, इस बात का पूरा ध्यान के साथ स्कूल जाने की तैयारी की हुई है। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग की तरफ से स्कूली शिक्षा सत्र 2026-27 का आज से प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए जिले के सभी स्कूलों में शिक्षकों ने शाला प्रवेश उत्सव की व्यापक तैयारी कर रखी है। आज सुबह 9 बजे से ही स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित होगा। जहां पहली बार स्कूल आने वाले नन्हे विद्यार्थियों की स्वागत किया जाएगा। सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में नवप्रवेशी बालक-बालिकाएं पैरेंट्स के साथ पहुंचेंगे। प्राइवेट स्कूल एसोसिएश्न के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि सीजी बोर्ड के सभी प्राइवेट स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। जहां नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं का शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा।

### समय पर स्कूल पहुंचना है, इसलिए जल्दी सोने गए



चंगोराभांठा निवासी लोमेश हनावत अपनी बेटी नायशा हनावत को नर्सरी कक्षा में प्रवेश कराई हैं। आज नायशा पहली बार अपनी स्कूल जाएगी। नायशा के पैरेंट्स ने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव को लेकर स्टेशनरी से लेकर यूनिफार्म सभी जरूरी सामग्री की खरीदारी पहले से ही कर रखी है। साथ ही नायशा को उसकी स्कूल भवन दिखाने दिन में ले गए थे, ताकि जब कक्षा के लिए आए तो पहले ही स्कूल से परिचित हो जाए। चूंकि सुबह जल्दी जगना है, इसके लिए रात में डिनर कराकर जल्दी सोने की तैयारी कर ली, ताकि सुबह समय पर नायशा स्कूल के लिए तैयार हो सके।

### सुबह 9 बजे से गुलाल-तिलक के साथ बच्चों का स्वागत

शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह के प्राचार्य आनंद मसीह ने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव को लेकर सभी तैयारियां स्कूल में पूरी कर ली गई हैं। आज सुबह 9 बजे से नवप्रवेशी कक्षा 1 के विद्यार्थियों का गुलाल-तिलक से स्वागत कर शाला प्रवेश कराया जाएगा। इस अवसर पर उनका मुंह मीठा कराया जाएगा, साथ ही किताबें और गणवेश प्रदान किया जाएगा। स्कूल में स्वच्छता व साज सज्जा का कराया गया है, ताकि नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं को एक स्वच्छ व खुशनुमा वातावरण मिल सके।

### स्टेशनरी दुकानों पर बढ़ी रौनक

शहर के गोलबाजार, सदरबाजार सहित अन्य इलाकों की स्टेशनरी दुकानों पर पैरेंट्स बड़ी संख्या में पहाड़ा, किताबें, बैग, पेंसिल, टिफिन बॉक्स आदि खरीदते दिखे। स्टेशनरी दुकान संचालकों ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी नए पैटर्न की स्पेसमैन, डॉल प्रिंट वाली पेंसिल बॉक्स, स्पार्कलिंग कॉपी, कलर बुक्स, कार्टून शेप में वन-टू का पहाड़ा, ड्राइंग शीट, ओरीगेमी शीट, प्लास्टिसिन, फेविकोल, क्रेयॉन, पेंसिल बॉक्स, पेंसिल, रबर, शार्पनर आदि की खूब डिमांड हो रही है। वहीं ए ब्लैक परमानेंट बोल्ड मार्कर बच्चों को ड्राइंग शीट पर लिखने और लेबल करने के लिए उपयोग किया जाता है। इस तरह के जरूरी स्टेशनरी सामान की खरीदी हो रही है।



### नर्सरी में पहली बार स्कूल जाएगी शालवी

बोरियाखुर्द शाश्वत नगर निवासी विजय वर्मा और सीता वर्मा ने बताया कि उनकी बेटी शालवी वर्मा पहली बार नर्सरी कक्षा में प्रवेश करेंगी। इसे लेकर हमने पूरी तैयारी की है। बेटी के लिए स्कूल बैग, जूते-मोजे, लंच बॉक्स, पानी बॉटल, स्टेशनरी में रबर, पेंसिल, कंपास बॉक्स, कॉपी, बुक्स किसी भी चीज की कमी नहीं की है। हमें बहुत खुशी है कि हमारी बेटी शालवी अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अपना पहला कदम बढ़ा रही है। ये ही नन्हे बच्चे देश का भविष्य हैं, जिनको संवारने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। शाला में इन्हीं नन्हे बच्चों को शिक्षक शिक्षा व संस्कार देकर देश का जिम्मेदार नागरिक बनने में भूमिका निभाएंगे।



## एजुकेशन अलर्ट

### इंडियन नेवी में अग्निवीर अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन शुरू




**रायपुर।** इंडियन नेवी की ओर से अग्निवीर अप्रेंटिसशिप के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार इंडियन नेवी में बतौर अग्निवीर अप्रेंटिसशिप के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों के लिए यह एक सुनहरा मौका है। अप्रेंटिसशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 29 जून, 2026 तक अग्निवीर अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही उम्मीदवारों को फॉर्म में करेक्शन करने का भी मौका दिया जाएगा। उम्मीदवार 6 जुलाई, 2026 तक अपने फॉर्म में सुधार कर सकते हैं। इंडियन नेवी में अग्निवीर अप्रेंटिसशिप में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा दसवीं न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो।

#### इस तरह रहेगा एग्जाम पैटर्न

लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों से 100 अंकों के 100 सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित कराई जाएगी। परीक्षा में उम्मीदवारों से बहुविकल्पीय प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। लिखित परीक्षा एक घंटे के लिए आयोजित कराई जाएगी। परीक्षा में उम्मीदवारों से सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित और संबंधित ट्रेड से सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा में गलत उत्तर के लिए एक-चौथाई अंक की नेगेटिव मार्किंग भी की जाएगी। परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों को स्टेज-2 की परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

#### इस तरह कर सकते हैं अप्लाई

इंडियन नेवी में अग्निवीर अप्रेंटिसशिप के पदों पर आवेदन शुरू हो गए हैं। यहां उम्मीदवारों की सहायता के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के निम्नलिखित स्टेप्स बताए गए हैं। उम्मीदवार इन स्टेप्स को फॉलो करके अपना फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट joinindiannavy.gov.in पर जाकर विजिट करें। इसके बाद वेबसाइट के होमपेज पर रजिस्टर सेक्शन पर क्लिक करें। अब मांगी गई सभी डिटेल को ध्यान से दर्ज कर लें।इसके बाद आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी को अपलोड करें।अब निर्धरित परीक्षा शुल्क का भुगतान करें।फॉर्म भरने के बाद अंत में इसका एक प्रिंटआउट भी निकाल लें।

## सिटी इवेंट

### महिलाओं ने सीखे पारंपरिक कौशल आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ाया कदम




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल लेडीज विंग द्वारा चार दिवसीय हुनर का लंगर निशुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन टाटीबंध गुरुद्वारा में किया गया। सोमवार को इस कार्यशाला का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न पारंपरिक एवं रचनात्मक कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को ग्लास वर्क, क्रोशिया वर्क, कढ़ाई एवं मेहंदी कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें ग्लास वर्क एवं क्रोशिया-कढ़ाई के उत्कृष्ट नमूने आकर्षण का केंद्र रहे। उपस्थितजनों ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, लगन एवं हुनर की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि हुनर का लंगर केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। कौशल विकास के माध्यम से महिलाएं न केवल आत्मविश्वासी बनती हैं, बल्कि स्वरोजगार के नए अवसर भी प्राप्त करती हैं।

**छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल की हुनर का लंगर कार्यशाला**

#### आगे एआई, डिजिटल मार्केटिंग व सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण

छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल लेडीज विंग की अध्यक्ष रतनजीत कौर ने कहा कि महिलाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की है। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया गया, जिसमें एआई, डिजिटल मार्केटिंग, सिलाई-कढ़ाई जैसे विषय होंगे।

#### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल के महासचिव गगन हंसपाल, गुरदीप टुटेजा, हरविंदर सिंह, सागर छाबड़ा, इंद्रजीत सिंह सहित प्रशिक्षक, अभिभावक, बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## खेलकूद-चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चे-बड़ों ने दिखाई प्रतिभा

**माहेश्वरी युवा मंडल एवं माहेश्वरी युवा मंडल महिला समिति का आयोजन**

**रायपुर।** माहेश्वरी युवा मंडल एवं माहेश्वरी युवा मंडल महिला समिति द्वारा महेश नवमी पर खेलकूद और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन सोमवार को यूनियन क्लब में संपन्न हुआ। इस खेलकूद-चित्रकला प्रतियोगिता में समिति के सदस्यों ने उत्साह के साथ विभिन्न खेलों व चित्रकारी में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की कमान अध्यक्ष जयंत मोहता एवं आशा राठी ने संभाली। उनके साथ सचिव राज बागड़ी एवं स्नेहा लाखोटिया एवं ममता टावरी ने सभी व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संचालन किया। इस आयोजन की जानकारी मीडिया प्रभारी अंशुल लाखोटिया एवं सौरभ बागड़ी ने दी। कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मकता को निखारने के लिए जहां एक ओर चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई, वहीं दूसरी ओर खेल प्रेमियों के लिए बैडमिंटन, कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस जैसी विधाओं में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयुवर्ग में 12 वर्ष से कम, 12 से 18 वर्ष, 18 से 45 वर्ष और 45 वर्ष से अधिक के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



#### ये रहे प्रतियोगिता के विजेता

कैरम प्रतियोगिता में पुरुष सिंगल 12 वर्ष वर्ग में प्रथम गगन मूंधड़ा, द्वितीय आयांश दम्मानी, 12-18 वर्ष वर्ग में प्रथम धैर्य सारडा, द्वितीय दिव्यांश डागा, 18-45 वर्ष वर्ग में प्रथम श्रीकांत कलंत्री, द्वितीय मितेश तापड़िया और 45 से अधिक वर्ष वर्ग में प्रथम अजय सारडा, द्वितीय निलेश जाजू रहे। वहीं महिला सिंगल में प्रथम सविता केला, द्वितीय सृष्टि मूंधड़ा रहीं। शतरंज प्रतियोगिता में वैदिक माहेश्वरी, प्रथम कोठारी,चरित चांडक, प्रथमेश मोहता, निशांत मूंधड़ा, परेश भट्टड़, राजेश मूंधड़ा, रितेश मल, स्वरा मोहता, आध्या दम्मानी रहीं। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में काव्य बागड़ी, आरुष नत्थानी, अवीक राठी, गौरव बागड़ी, चेतन गांधी, गिरिराज बागड़ी, गोवर्धन दास मोहता रहे।

## टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर का समापन, खिलाड़ी पुरस्कृत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में सोमवार को टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल में आयोजित ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी अजीत बेनर्जी ने किया तथा विशेष अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत थे। इस अवसर पर विशेष रूप से छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रशिक्षण अवधि में आयोजित प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया।शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में चित्रांश साहू, अथर्व विश्वकर्मा, जयवर्धन साहू, मलय जैन, आर्यन साहू, प्रियांश, अंकुर, आरोही जैन, आयुष नाथ, आस्था नाथ, अनम खान, सहरिश खान, द्विवित, आराध्या तिवारी, स्वरा पांडेय, तृप्ति, अभिज्ञ तिवारी, प्रिशा पाटिल, आदित्य छाबरिया, रिजवान हबीब, युक्ता बैसवाड़े, धवल वर्मा, मोक्ष वर्मा, अभिनव पीटर, जतिन धनकर, विवान बैसवाड़े, रामजी कुमार आदि शामिल रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय शोध मंच पर लर्निंग एंड इंटेलिजेंट ऑप्टिमिजेशन-20 सम्मेलन

# इटली में ट्रिपल आईटी के प्रोफेसर और स्टूडेंट्स पेश करेंगे एआई पर शोध प्रोजेक्ट

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** ट्रिपल आईटी नवा रायपुर के शिक्षक एवं विद्यार्थी इटली के मिलान स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मिलानो-बिकोका के दौरे पर हैं।मिलान स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मिलानो-बिकोका में 20वें लर्निंग एंड इंटेलिजेंट ऑप्टिमिजेशन-20 सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे हैं। यह सम्मेलन 15 से 19 जून तक आयोजित है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑपरेशंस रिसर्च, ऑप्टिमाइजेशन तथा डेटा आधारित निर्णय विज्ञान से संबंधित नवीनतम शोध प्रस्तुत किए जाएंगे। लर्निंग एंड इंटेलिजेंट ऑप्टिमिजेशन-20 सम्मेलन श्रृंखला अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रतिष्ठित शोध मंच मानी जाती है, जिसमें विश्वभर के अकादमिक एवं औद्योगिक क्षेत्र के शोधकर्ता भाग लेते हैं। इस वर्ष सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग के क्षेत्र के अनेक अग्रणी वैज्ञानिकों के व्याख्यान भी आयोजित किए जा रहे हैं। सम्मेलन के अंतर्गत एडवांसेस इन डाटा ड्राइवेन आप्टिमिजैशन एंड एआई इनहैस्ड प्रोसेस मिनिंग विषयक एक विशेष सत्र आयोजित किया गया है, जिसके सह-आयोजकों में ट्रिपल आईटी नवा रायपुर के कुलपति एवं निदेशक प्रो. ओम प्रकाश व्यास, संस्थान की सहायक प्राध्यापक डॉ. जे. विजया तथा यूनिवर्सिटी ऑफ पीसा इटली के शोधकर्ता शामिल हैं। यह विशेष सत्र डेटा-चालित, प्रोसेस माइनिंग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित व्यवसायिक प्रक्रिया विश्लेषण के नवीनतम शोध कार्यों पर केंद्रित है।



#### शोधकार्य प्रस्तुत करेंगे विशेषज्ञ

सम्मेलन में संस्थान का दल विश्व के विभिन्न देशों से आए चुनिंदा शोधकर्ताओं एवं वैज्ञानिकों के साथ इस मंच पर अपने शोधकार्य प्रस्तुत करेगा। संस्थान की ओर से कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. जे. विजया इस विशेष सत्र की अध्यक्षता कर रही हैं। उनके साथ संस्थान के विद्यार्थी कार्तिक पांडेय, शशांक मिश्रा, लक्ष्य गर्ग एवं अल्ला अभिराम भी सम्मेलन में सहभागी हैं और वर्तमान में मिलान में मौजूद हैं।



#### स्टूडेंट्स-प्रोफेसर्स को नवीनतम शोध के अवसर

संस्थान के अनुसार, इस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भागीदारी से विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को वैश्विक शोध समुदाय के साथ संवाद स्थापित करने तथा नवीनतम शोध प्रवृत्तियों को समझने का अवसर प्राप्त होता है। साथ ही यह ट्रिपल आईटी नवा रायपुर के प्रोसेस इंटेलिजेंस, डेटा साइंस तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्रों में चल रहे शोध एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करता है।

## सिटी लाइव

# बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में अंकित बने 'मि. ताम्रकार क्लासिक', भूमिका को मिस इंडिया का खिताब



रायपुर। जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में ताम्रकार क्लासिक बॉडीबिल्डिंग और मिनी इंडिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ताम्रकार युवा संघ के अध्यक्ष धीरज ताम्रकार और संरक्षक शिवनारायण ताम्रकार उपस्थित रहे, जिन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के पावरलिफ्टिंग (सीनियर पुरुष) वर्ग में ओडिशा के खिलेन्द्र मेहर 'बेस्ट पावरलिफ्टर' चुने गए। इसके अलावा जूनियर वर्ग में छत्तीसगढ़ के उपेन्द्र कंवर, सब-जूनियर में यशवर्धन सोनी और मास्टर्स वर्ग में झारखंड के कन्हैया कुमार सिंह ने बाजी मारी। महिला वर्ग में सीनियर बेस्ट लिफ्टर का खिताब झारखंड की दीपशिखा कुमारी को मिला। ओडिशा की बैशमती हाती और छत्तीसगढ़ की अस्मिता धनसोन ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

### बॉडी बिल्डिंग और फिटनेस में झारखंड-छत्तीसगढ़ का दबदबा

बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में झारखंड के अंकित मजूमदार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित मि. ताम्रकार क्लासिक का खिताब अपने नाम किया। 40 वर्ष से अधिक के मास्टर्स वर्ग में झारखंड के ही प्रवीण चंद्र महतो विजेता रहे। धरसींवा की भूमिका निषाद ने मिस इंडिया का खिताब जीता। वहीं, रायपुर के भरत मंडावी ने डेनिम फिटनेस जींस मॉडल और 'मेंस स्पोर्ट्स फिजिक' दोनों ही इवेंट्स में प्रथम स्थान प्राप्त कर दोहरा खिताब जीता। छत्तीसगढ़ बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव माणिक ताम्रकार और अध्यक्ष दुर्गेश साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका केरल के बाबू वीजी, महाराष्ट्र के अनुज सोनी, दिल्ली के संजीव शर्मा व शेखर, गुजरात के मंगेश भाई और छत्तीसगढ़ के दुर्गेश साहू ने निभाई।

## धर्म लाइव

# पुरुषोत्तम महीने में भक्तों ने दान करके मांगी सुख-समृद्धि



रायपुर। पुरुषोत्तम मास को भगवान नारायण ने विशेष रूप से बनाया, ताकि इस अधिक मास में दान करने से उन्हें कई गुना अधिक भगवान की भक्ति और कृपा प्राप्त होती है। इसी कड़ी में धर्म प्रचार प्रकोष्ठ देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन ने पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिवस पर कई स्थानों पर शरबत का वितरण किया। समाज के बीच इसका महत्व बताने के लिए दान किया गया। इस संबंध में बताया कि भगवान ने अधिक मास को सोच विचार के बाद जनकल्याण के लिए बनाया ताकि इस अधिक मास में भगवान की भक्ति ज्यादा से ज्यादा की जा सके। भगवान की कृपा मनुष्य के ऊपर हो सके इसलिए भगवान नारायण ने अधिक मास का विधान तय किया। इसके चलते अधिक मास का महत्व बताने के लिए लगातार प्रयास किया गया।

### समाज को संस्कार से जोड़ने की पहल

धर्म प्रचार प्रमुख ने बिरगांव निगम क्षेत्र में अधिक मास के अंतिम दिन भी शर्बत वितरण, प्रसादी वितरण और अन्य प्रकार के दान किए। समाज के लोगों को बताया कि पुराणों के अनुसार पुरुषोत्तम मास में हर दिन 33 चीजें दान करके भगवान विष्णु के 33 नाम बोलने चाहिए। इससे लक्ष्मी, पुत्र, पौत्र, सुख और समृद्धि बढ़ती है। पवित्र महीने में व्रत, उपवास, पूजा और दान जैसे शुभ काम करने से परिवार सहित सभी पर भगवान श्रीकृष्ण की कृपा होती है। अधिक मास में धर्म से लोगों को जोड़ने के लिए दीपदान, मालपुआ और पान का दान करते हुए पौराणिक ग्रंथों के विधान से समाज को जोड़ने पहल की गई।

## समाज इवेंट

# दस बटुकों का आज मराठी पद्धति से उपनयन संस्कार



रायपुर। महाराष्ट्र मंडल और महाराष्ट्र संस्कार केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सामूहिक मुंज (उपनयन संस्कार) का आयोजन मंडल भवन में किया जाएगा। मंडल के सचिव और महाराष्ट्र संस्कार केंद्र के संस्थापक आचार्य चेतन गोविंद दंडवते के नेतृत्व में होने वाले इस आयोजन में रायपुर के अलावा दुर्ग, बिलासपुर और जबलपुर के दस मराठी परिवारों के बटुक शामिल होंगे। आचार्य दंडवते ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य परिवार में पड़ने वाले अनावश्यक आर्थिक भार को कम करना और मराठी समाज को एक छत के नीचे एकत्रित करना है। आयोजन का यह 25वां वर्ष है। इस बार अभी तक 10 बटुकों का पंजीयन हुआ है। यह संस्कार पूर्णतः वैदिक पद्धति और मंत्रोच्चार के साथ करवाया जाएगा।

### श्रेष्ठतम सुविधाओं के साथ सामूहिक उपनयन

आचार्य ने बताया कि इस साल रायपुर से उत्कर्ष पंकज जोशी, संस्कार समीर वरहाड़पांडे, रोहिन राहुल वरहाडपांडे, अहान अतुल राहटगांवकर, तनुष तुषार विंचुरकर और प्रथमेश आशीष मोडक ने पंजीयन कराया है। वहीं दुर्ग निवासी अमित जोशी अपने दोनों पुत्रों नीरव और आरव का मुंज करवा रहे हैं। इसके साथ ही दक्ष भुसारी बिलासपुर और जबलपुर से आदीश हर्षे के स्वजनों ने पंजीयन कराया है। इस आयोजन का उद्देश्य न्यूनतम खर्च पर श्रेष्ठतम सुविधाओं के साथ सामूहिक उपनयन संस्कार करना है। इसके अलावा महाराष्ट्र मंडल में सामूहिक मंगलागौर पूजा, मराठी वर-वधू परिचय, महाशिवरात्रि पर्व पर सामूहिक लघु रूद्राभिषेक किए जाते हैं।

---

**नारायणी संग्रहालय में बोली और भाषा को संरक्षित करने राजेंद्र ओझा ने पांच साल में सहेजे**

# देशी-विदेशी 150 बोलियों और भाषाओं में कैलेंडर इनमें अनूठी वाल्मीकि रामायणों की श्रृंखला

शहर में कुशालपुर स्थित नारायणी बहुभाषी संग्रहालय कई कारणों से खास है। जहां देशी-विदेशी बोली और भाषा में लिखी गई किताबें ही नहीं, बल्कि वहां मनाए जाने वाले तीज-त्योहारों की जानकारी सुलभ करवाने वाले कैलेंडर्स का विशेष संग्रह है। इसके अलावा देश-विदेश की 150 बोली और भाषा में प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों के साथ ही आस्था के प्रतीक वाल्मीकि रामायण की अलग-अलग भाषाओं में लिखित 21 प्रतियों की श्रृंखला है। इसका अवलोकन करने के लिए अब विद्यार्थी और साहित्यकार भी यहां पहुंचने लगे हैं।



### इन भाषाओं में समाचार पत्रों का संग्रह

*यह संग्रहालय अपने आप में इसलिए भी खास है, क्योंकि इसमें 150 से अधिक देशी-विदेशी बोली और भाषाओं से जुड़े साहित्य शामिल हैं। पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित लेखकों के मोबाइल नंबर पर फोन लगाए और उन्हें संग्रहालय के बारे में बताने पर सहयोग मिला। इस संग्रहालय में छत्तीसगढ़ी, हरियाणवी, गढ़वाली, सिंधी, डोगरी भाषा में लिखे गए समाचार पत्र भी हैं, जो प्रकाशित होना बंद हो गए हैं। इसके अलावा संस्कृत, उर्दू, कोंकणी, कन्नड़, पंजाबी, असमिया, बोडो, ओड़िया, मराठी, मलयाली, गुजराती, किरात राई, लिम्बु, तमांग, सुनुवार मुखिया सहित नेपाल, अमेरिका, दुबई, नीदरलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, थाईलैंड, चेकोस्लोवाकिया जैसे देशों के समाचार पत्रों का भी संग्रह है।*




रायपुर। इस संग्रहालय में भाषा और बोलियों के संरक्षण की जानकारी जुटाने के लिए बहुत कुछ है। संग्रहालय के संचालक राजेंद्र ओझा ने बताया कि करीब पांच साल पहले विचार आया, जैसे बहुत से लोग सिक्के, पोस्टेज स्टाम्प संग्रहित करते हैं। उसी तरह मुझे भी कुछ संग्रहित करना चाहिए और उसी समय निर्णय लिया कि जो भी संग्रह किया जाए वह भाषा-बोलियों के संरक्षण को



मजबूत करने वाला होना चाहिए। इसे सहज भाव से सहेजने के लिए विभिन्न भाषा-भाषी मित्रों, परिचितों से उनकी भाषा की वर्णमाला, पंचांग, कैलेंडर जुटाने का प्रयास किया। इस सहयोग को संग्रहालय की तरह विकसित करने का प्रयास किया। इसके बाद विचार आया कि यह तो अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है, इसलिए संग्रहण को साकार रूप दिया।

### 21 भाषाओं में लिखित रामायण विशेष

रामायण प्रसार परिशोध प्रतिष्ठान, अंबाला द्वारा हिंदी, अंग्रेजी, स्पेनिश, हरियाणवी, डोगरी, नेपाली, छत्तीसगढ़ी, सिंधी सहित देवनागरी लिपि में लिखित रामायण खास है। इसकी अरेबिक लिपि, असमिया, रवांल्टी, ब्रज, मराठी, तेलुगु, पंजाबी, मिसिंग, ओड़िया, मलयालम, अंगिका, कार्बी एवं राजस्थानी भाषा में प्रकाशित वाल्मीकि रामायण का संक्षिप्त कथा और सार विशेष की श्रृंखला है। वहीं छत्तीसगढ़ी, हल्बी, सरगुजिहा, गोंडी, भतरी, धुर्वी, दोरली की सामग्री उपलब्ध है। इनमें मध्यप्रदेश बघेली, मालवी, बुंदेली, निमाड़ी, बिहार की मैथिली, भोजपुरी, अंगिका, बज्जिका, मगही, गुजराती पंचांग खास हैं। कच्छी, काठियावाड़ी, पंचमाली भीली, सुरती, झारखंड की कुड़माली में प्रकाशित पुस्तकें और कैलेंडर रोचक है।

### बोली-भाषा को पहचान दिलाने प्रदर्शनी

संग्रहालय के संदर्भ में श्री ओझा ने बताया कि बोली-भाषा को पहचान दिलाने के लिए बड़े आयोजनों में उपलब्ध सामग्री की प्रदर्शनी भी सजाते हैं, ताकि लोगों को छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों, प्रांतों और देशों में बोली जाने वाली भाषा का बोध हो। स्कूल-कॉलेज खुलने पर विद्यार्थी भी प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी जुटाने के लिए आते हैं। भाषा और क्षेत्रिय विशेषता को लेकर जिज्ञासा रखने वाले साहित्यकार और प्रबुद्धजन भी संग्रहालय में आते हैं। इससे विशिष्ट बोली और भाषा से जुड़े लोगों का लगाव बढ़ा है।

---

# भगवान और भक्त के बीच भक्ति भाव का अनूठा दर्शन



रायपुर। सोमवती अमावस्या पर प्राचीनतम श्रीगोकुलचंद्रमा हवेली मंदिर बूढ़ापारा में अन्नकूट का अनूठा आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने श्रीकृष्ण के गोकुलचंद्रमा स्वरूप को 108 से भी अधिक प्रकार के भोग अर्पित किए।



# वृद्धजनों के जीवन में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा मजबूत सहयोग तंत्र विकसित करने पर दिया जोर



रायपुर। विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर हेल्पएज इंडिया द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य तथा सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में वृद्धजनों के समक्ष उभरती चुनौतियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि डॉ. के. सुब्रमणियम, सदस्य, राज्य नीति आयोग ने अपने मुख्य उद्बोधन में समावेशी विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए विकसित छत्तीसगढ़ 2047 की परिकल्पना को सामूहिक प्रयासों से साकार करने का आव्हान किया। डॉ. स्मृति देवांगन, उप संचालक, स्वास्थ्य विभाग छत्तीसगढ़ ने सियान संजीवनी केंद्रों के माध्यम से सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। सहायक पुलिस आयुक्त सीमा भास्कर ने वृद्धजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु यातायात नियमों के पालन के महत्व को रेखांकित किया।

### वृद्धावस्था के मुद्दों को समाहित करना आवश्यक

रोहित प्रसाद, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हेल्पएज इंडिया ने कहा कि वृद्धजन जलवायु संबंधी आपदाओं से सर्वाधिक प्रभावित होने वाले वर्गों में से हैं। इन चुनौतियों का प्रभाव केवल शारीरिक जोखिमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके स्वास्थ्य, आय और देखभाल व्यवस्था को भी प्रभावित करता है। इसलिए मजबूत सहयोग तंत्र विकसित करने तथा जलवायु एवं सामाजिक सुरक्षा नीतियों में वृद्धावस्था के मुद्दों को समाहित करना अत्यंत आवश्यक है। इस सत्र का संचालन शुभंकर बिस्वास एवं अजय सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने जलवायु-सक्षम वृद्धावस्था पर राष्ट्रीय अध्ययन के प्रमुख निष्कर्ष प्रस्तुत किए।

---

**अनुपम गार्डन में उत्कल महिलाओं ने उपासना सेवा फाउंडेशन के साथ किया आयोजन**

# सोलह श्रृंगार में सुहागिनों ने झूला, गीत-संगीत से सजाया रजोत्सव, धरती मां को लगाया भोग

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। सोलह श्रृंगार में सुहागिनों ने झूला, गीत-संगीत से रजोत्सव को यादगार बनाने का प्रयास किया। इससे सोमवार को अनुपम गार्डन में उत्सव का माहौल रहा। एक तरफ सुहागिनों ने इस पारंपरिक पर्व को उत्सव का रूप दिया। वहीं दूसरी ओर युवतियों ने झूले का लुत्फ उठाते हुए धरती मां के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए अलग-अलग पारंपरिक व्यंजनों का भोग धरती माता को अर्पित किया। इस महोत्सव में शामिल महिलाओं और युवतियों ने प्रसाद वितरित किया। इससे पहले उत्कल महिलाओं ने उपासना सेवा फाउंडेशन की महिला आयाम प्रमुख देवीश्री साहू एवं टीम ने समाज की महिलाओं को एकजुट करके पारंपरिक महोत्सव को सेलिब्रेट किया। घरों में हाथ से तैयार किए गए व्यंजनों का भोग बनाकर धरती मां को अर्पित किया।



### वसुंधरा सावन से पूर्व प्राप्त करती है सौंदर्य



फाउंडेशन प्रमुख ने बताया कि उत्कल भाषियों के प्रमुख पर्वों में रजो महोत्सव एक खास पर्व है। इसका उत्कल समाज में विशेष महत्व है। महिलाएं एवं युवतियां इस पर्व को बहुत ही धूमधाम से मनाती हैं। इस पर्व की खास बात यह है कि जब वसुंधरा माता सावन के पहले प्राकृतिक सौंदर्य को प्राप्त करती और नए फसल उत्पादन करने तैयार होती है। तब इस खास अवसर पर शील पत्थर और कृषि औजारों का पूजन मातृ शक्ति द्वारा किया जाता है। ओड़िया व्यंजनों और पकवानों में मंडा पीठा, घीपट्ठा, आम पक्का, कटहल का भोग लगाने की परंपरा निभाने के बाद आपस में वितरण करती हैं।

### ससुराल में बांटती हैं पकवान और फल

महोत्सव में कन्याएं नए वस्त्र धारण करके सहेलियों के साथ बागो में झूला झूलने के लिए पहुंचीं। बाजारों में खरीदी करती हैं, ताकि हंसी-खुशी से पर्व मना सकें। इस पर्व पर नई दुल्हन के घर से ससुराल में मीठे पकवान, फल भिजवाए जाते हैं, जिसे नई दुल्हन ससुराल में रिश्तेदारों और पड़ोसियों को बांटती हैं। राजधानी में बड़ी संख्या में उत्कलवासी निवास करते है, इस वजह से उत्कल महिलाओं को उपासना सेवा फाउंडेशन की देवीश्री साहू और उनकी टीम ने एकजुट करके भव्य आयोजन किया। इसमें उत्कल महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया।

### तीन दिवसीय अनूठा व प्रमुख लोकपर्व

रजो महोत्सव (राजा परबा) ओडिशा का एक अनूठा और प्रमुख लोकपर्व है, जो मुख्य रूप से मानसून के आगमन और कृषि कार्यों की शुरुआत का प्रतीक है। यह तीन दिवसीय त्योहार नारीत्व, प्रजनन क्षमता और 'धरती माता' के सम्मान का प्रतीक है। इन तीन दिनों में धरती को आराम देने के लिए सभी कृषि कार्य जैसे खेत जोतना, खुदाई करना पूरी तरह बंद किया जाता है। नंगे पांव जमीन पर चलना वर्जित होता है। इस पर्व के दौरान महिलाओं और लड़कियों को घर के काम से पूर्णतः आराम दिया जाता है। इन तीन दिनों में घर के सभी काम पुरुषों द्वारा किए जाते हैं।

ज्योतिष

# 22 जून को एक राशि में होंगे बुध-शुक्र, इन राशियों की बल्ले-बल्ले



ज्योतिष के अनुसार जून का महीना काफी खास है। इस महीने में कई ग्रहों ने अपना चाल परिवर्तन किया है। अब 22 जून को दोपहर 02 बजकर 16 मिनट पर बुध मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। कर्क राशि में प्रवेश करते ही इस राशि में गुरु, शुक्र और बुध की युति बन जाएगी। इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों पर पड़ेगा। इनमें से 4 राशियों के लिए ये प्रभाव बेहद शुभ माना जा रहा है।

**वृषभ राशि** : वृषभ राशि वाले जातकों के लिए बहुत ही समय अच्छा होने जा रहा है। आपको अपने बुद्धि के प्रयोग से कार्यक्षेत्र में बड़ा लाभ और प्रमोशन प्रगति प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति में अचानक धन लाभ के योग बनेंगे और आय के नए स्रोत भी बनेंगे। पारिवारिक जीवन की बात करें, तो पारिवारिक क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि रहेगी। साथ ही आपको नए मेहमान की आने की खुशखबरी भी मिल सकती है।

**मिथुन राशि** : मिथुन राशि वाले जातकों के लिए करियर और व्यापार में जल्द से जल्द नौकरी जिनको नौकरी की जरूरत है उन्हें नौकरी की प्राप्ति होगीऔर बड़े-बड़े लोगों से उनका मिलना जुलना हो सकता है। कई बड़ी डील मिल सकती है। आर्थिक स्थिति की व्यवस्था बहुत अच्छी रहेगी और रुका हुआ धन आपको प्राप्त होगा जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। समाज में मान सम्मान आपका बढ़ेगा।

**कन्या राशि** : कन्या राशि वालों को कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों और अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापारी वर्ग के लोगों के लिए बहुत अच्छा समय रहेगा। इस समय आपका व्यापार बहुत तेजी गति से बढ़ेगा। धन की स्थिति में जबरदस्त वृद्धि होगी और आपका बैंक बैलेंस बढ़ेगा। इस अवधि में आपके जीवन खुशियों अत्यधिक रूप से प्राप्त होगा और महत्वपूर्ण निर्णय सफल साबित होंगे।

**वृश्चिक राशि** : शुक्र-बुध युति के प्रभाव से वृश्चिक राशि वालों को कैरियर में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। कारोबार में विस्तार या नई कार्यक्षेत्र प्रारंभ करने की योजना बनाएंगे। निवेश में लाभ होगा और भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी और धन की व्यवस्था परिपूर्ण होगा। पारिवारिक जीवन में जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता आएगी। घर में मांगलिक कार्य होने का पूर्ण योग है।

# आपके आत्मविश्वास को तुरंत बढ़ा सकते हैं कुछ रंग, जानिए ऐसा कैसे होता है संभव



हमारे कपड़े न केवल हमारे व्यक्तित्व को दर्शाते हैं, बल्कि वे हमारे आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। सही रंग चुनना एक कला है, जो हमारे मनोबल को ऊंचा रख सकता है। इस लेख में हम जानेंगे कि कौन-से रंग हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और क्यों ये रंग खास होते हैं। यह जानना जरूरी है, क्योंकि सही रंग का चयन हमें सकारात्मक ऊर्जा देता है और हमारे आत्मविश्वास को मजबूत बनाता है।

**लाल रंग** : लाल रंग हमेशा से ही ऊर्जा और उत्साह का प्रतीक रहा है। जब आप लाल रंग पहनते हैं तो यह न केवल आपकी उपस्थिति को आकर्षक बनाता है, बल्कि आपके अंदर भी एक नई ऊर्जा भरता है। लाल रंग पहनने से आप अधिक आत्मविश्वासी महसूस करते हैं और आपके अंदर एक सकारात्मक भावना आती है। यह रंग देखने वालों का ध्यान खींचता है और आपको सक्रिय और ऊर्जावान महसूस कराता है।

**नीला रंग** : नीला रंग शांति और भरोसे का संकेत माना जाता है। जब आप नीले रंग की पोशाक पहनते हैं तो यह आपके व्यक्तित्व में एक स्थिरता लाता है और दूसरों पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। नीला रंग पहनने से आप अधिक शांत और संतुलित महसूस करते हैं, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह रंग आपके लुक को आकर्षक बना सकता है और आपको अधिक भरोसेमंद और पेशेवर दिखाता है।

**काला रंग** : काला रंग ताकत और गंभीरता का प्रतीक होता है। किसी भी अवसर पर काला रंग पहनना आपको एक अलग पहचान देता है और लोग आपकी बातों को गंभीरता से लेते हैं। काला रंग पहनने से आप अधिक शक्तिशाली और आत्मविश्वासी महसूस करते हैं, जिससे आपका व्यक्तित्व और भी निखरकर आता है। यह रंग आपके लुक को आकर्षक बनाता है और हर एक अवसर पर अच्छा भी लगता है, चाहे वह पार्टी और या कोई और समारोह।

**सफेद रंग** : सफेद रंग साफ-सुथरा लुक देता है और नई शुरुआत का संकेत माना जाता है। जब आप सफेद रंग की पोशाक पहनते हैं तो यह आपके अंदर एक ताजगी लाता है और दूसरों पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सफेद रंग पहनने से आप अधिक साफ-सुथरे और सकारात्मक महसूस करते हैं, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह रंग आपके लुक को आकर्षक बनाता है और पेशेवर मौकों पर पहनने के लिए सबसे अच्छा भी रहता है।

**हरा रंग** : हरे रंग का इस्तेमाल संतुलन और ताजगी को दर्शाने के लिए किया जाता है। जब आप हरे रंग की पोशाक पहनते हैं तो यह आपको अधिक ऊर्जा से भरपूर और ताजगी भरा हुआ महसूस कराता है। हरा रंग पहनने से आप अधिक सकारात्मक और खुशमिजाज महसूस करते हैं, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह रंग आपके लुक को आकर्षक बनाता है और आपको अधिक संतुलित और ताजगी भरा दिखाता है।

## सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू मिलाकर पीना भी फायदेमंद

# फैटी लिवर से राहत दिला सकती हैं घरेलू ड्रिंक्स लिवर को मिलती है प्राकृतिक डिटॉक्स और मजबूती

आजकल खराब लाइफस्टाइल, जंक फूड और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण फैटी लिवर की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसमें लिवर में जरूरत से ज्यादा फैट जमा हो जाता है, जिससे उसकी कार्यक्षमता प्रभावित होने लगती है। शुरुआती दौर में इसके लक्षण स्पष्ट नहीं होते, लेकिन समय रहते ध्यान न देने पर यह गंभीर बीमारी का रूप ले सकता है। ऐसे में सही खानपान और कुछ हेल्दी ड्रिंक्स की मदद से लिवर की सेहत को बेहतर बनाया जा सकता है।



## ग्रीन टी और नींबू पानी

ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद कैटेचिन्स लिवर की सूजन और तनाव को कम करते हैं, जिससे लिवर की कार्यक्षमता बेहतर होती है। रोज 2 से 3 कप ग्रीन टी का सेवन वजन नियंत्रण में भी मदद कर सकता है। वहीं, सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू मिलाकर पीना भी फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स लिवर के डिटॉक्स प्रोसेस को मजबूत करते हैं और पाचन तंत्र को बेहतर बनाते हैं।

## चुकंदर का जूस और ब्लैक कॉफी भी असरदार

चुकंदर का जूस लिवर के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। इसमें मौजूद बीटालेंस और बीटेन जैसे तत्व लिवर को डैमेज से बचाते हैं और टॉक्सिन्स बाहर निकालने में मदद करते हैं। नियमित सेवन से लिवर एंजाइम्स का स्तर बेहतर हो सकता है। ब्लैक कॉफी पर भी कई रिसर्च की गई हैं, जिनमें पाया गया है कि यह लिवर की सूजन को कम करने और फैट जमाव को रोकने में मदद कर सकती है। इसमें मौजूद कैफीन और क्लोरोजेनिक एसिड लिवर सेल्स को सुरक्षा प्रदान करते हैं।

## एप्पल साइडर विनेगर भी फायदेमंद

एप्पल साइडर विनेगर को फैटी लिवर में उपयोगी माना जाता है। इसमें मौजूद एसिटिक एसिड मेटाबॉलिज्म को तेज करता है और शरीर में जमा अतिरिक्त फैट को कम करने में मदद कर सकता है। हालांकि इसे हमेशा पानी में मिलाकर ही सेवन करना चाहिए।

## हेल्दी लाइफस्टाइल भी जरूरी

विशेषज्ञों के अनुसार केवल ड्रिंक्स पर निर्भर रहकर फैटी लिवर को ठीक नहीं किया जा सकता। इसके लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और वजन नियंत्रण बेहद जरूरी है। सही जीवनशैली अपनाकर लिवर को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है।

# नमी भरे मौसम में बालों को चिपचिपाहट से बचाने के लिए अपनाएं घरेलू टिप्स

मानसून के दौरान नमी भरी हवा की मात्रा बढ़ जाती है, जो बालों को चपटा और बेजान बना सकती है। इसके कारण बालों की चमक कम हो जाती है और वे कमजोर होकर टूटने लगते हैं। हालांकि, कुछ सरल और कारगर तरीकों को अपनाकर आप अपने बालों को इस समस्या से बचा सकते हैं। आइए आज हम आपको बालों की देखभाल के कुछ तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर मानसून के दौरान आपके बाल चिपचिपाहट से बचे रहेंगे।

**नियमित रूप से धोएं सिर** : मानसून के दौरान नियमित रूप से सिर धोना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप हल्के शैंपू का उपयोग कर सकते हैं, जो बालों की नमी को बनाए रखते हैं और उन्हें साफ भी करते हैं। हफ्ते में 2-3 बार सिर धोने से आपके बाल ताजगी महसूस करेंगे और चिपचिपाहट भी महसूस नहीं होगी।। इसके अलावा सिर धोने से सिर की गंदगी और तेल भी दूर होता है, जिससे बाल स्वस्थ रहते हैं।



**कंडीशनर का करें इस्तेमाल** : बालों को धोने के बाद कंडीशनर लगाना न भूलें। यह आपके बालों को नमी देता है और उन्हें मुलायम बनाता है। कंडीशनर लगाने से पहले बालों को हल्का-सा तौलिए से सुखा लें, ताकि अतिरिक्त पानी निकल जाए। इसके बाद कंडीशनर लगाएं और कुछ मिनट छोड़ दें, ताकि वह अच्छे से अवशोषित हो सके। इसके बाद सिर धो लें। यह प्रक्रिया आपके बालों को चपटा होने से बचाएगी और उन्हें स्वस्थ बनाए रखेगी।

**बालों के सीरम का करें उपयोग** : बालों का सीरम एक बेहतरीन उत्पाद है, जो बालों को चपटा होने से बचाता है। इसे अपने बालों की लंबाई पर हल्के हाथों से लगाएं, खासकर सिरों पर ध्यान दें। बालों का सीरम बालों को चिकना बनाता है और उन्हें उलझने से रोकता है। इसके अलावा यह नमी को बरकरार रखता है, जिससे आपके बाल लंबे समय तक स्वस्थ और चमकदार बने रहते हैं। बालों के सीरम का नियमित उपयोग आपके बालों को मजबूत और सुंदर बनाए रखता है।

**बालों का स्प्रे आएगा काम** : बालों का स्प्रे आपके बालों को पूरी तरह से सेट करने में मदद करता है। इसे इस्तेमाल करने से पहले सुनिश्चित करें कि आपके बाल सूखे हों। बालों का स्प्रे लगाने के बाद थोड़ी देर रुकें और फिर उसे अच्छी तरह सूख जाने दें। बालों का स्प्रे आपके बालों को लंबे समय तक सेट रखता है, जिससे वे चपटा नहीं होते और उनकी चमक बनी रहती है।



# बारिश के दिनों में लें वन-पॉट शाकाहारी व्यंजनों का मजा झटपट हो जाते हैं तैयार

मानसून के दौरान बारिश की बूंदों के साथ कुछ गर्मा-गर्म और स्वादिष्ट खाने का मजा ही अलग है। हालांकि, इस मौसम में लोग घंटों रसोई में खड़े हो कर खाना बनाने में कतराते हैं। ऐसे में अगर आप भी ज्यादा समय रसोई में बिताए बिना स्वादिष्ट व्यंजन बनाने की सोच रहे हैं तो वन-पॉट व्यंजन आपके लिए बेहतरीन हो सकते हैं। आइए आज हम आपको मानसून के लिए वन-पॉट शाकाहारी व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं।

**सब्जियों की खिचड़ी** : सब्जियों की खिचड़ी बनाना काफी आसान है, जो सेहतमंद भी है। इसके लिए सबसे पहले एक बर्तन में मूंग दाल और चावल को धोकर भिगो दें। अब इसमें बारीक कटी सब्जियां, हल्दी, नमक और पानी डालकर पकाएं। जब यह पूरी तरह से पक जाए तो इसे गर्मा-गर्म परोसें। इसमें आप अपनी पसंदीदा सब्जियां शामिल कर सकते हैं, जैसे गाजर, मटर, आलू और शिमला मिर्च आदि। यह व्यंजन न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है।

**पनीर पुलाव** : पनीर पुलाव एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में बासमती चावल को धोकर भिगो दें। अब इसमें बारीक कटा प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च, हरी मिर्च और मसाले डालकर पकाएं। इसके बाद इसमें कटा हुआ पनीर डालें और अच्छी तरह मिलाएं। अंत में धुले हुए चावल डालकर पानी मिलाकर पकाएं। जब पुलाव पूरी तरह से पक जाए तो इसे गर्मा-गर्म परोसें। यह व्यंजन स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहतमंद भी है।

## रामेन नूडल्स

रामेन इन दिनों काफी पसंद किए जाते हैं, जिन्हें आप एक ही बर्तन में बना सकते हैं। इसके लिए मशरूम, पनीर, टोफू और अन्य पसंद की सामग्रियों को काटकर सोया सॉस में भूनें। अब इसी बर्तन में पानी डालें और नूडल्स डालकर सभी चीजें उबलने दें। इसमें रामेन मसाला, सोया सॉस, सिरका, चिली ऑयल, सफेद तिल, तिल का तेल और अन्य मसाले शामिल करें। इसमें अपनी पसंद की सब्जियां भी डालें और उबालने के बाद खाएं।

## सूप

मानसून के दौरान तुरंत कुछ बनाकर खाना हो तो सूप से बढ़िया कुछ नहीं हो सकता। इसके लिए आप पैकेट वाले सूप को लेकर उबाल भी सकते हैं या खुद भी सूप बना सकते हैं। एक बर्तन में तेल गर्म करके उसमें सभी सब्जियां भून लें। अब इसी में पानी डालें और सभी तरह के सॉस और मसाले शामिल करके उबलने दें। सूप को गाढ़ा करने के लिए उसमें कॉर्न फ्लोर और पानी की स्लरी डालें और मजे से पिएं।

# सफेद कपड़े लंबे समय तक नए जैसा बनाए रखने आजमाएं आसान से तरीके

सफेद रंग के कपड़े पहनना बहुत ही स्टाइलिश लगता है, लेकिन इन्हें साफ और नए जैसा बनाए रखना एक चुनौती हो सकती है। सफेद कपड़ों पर जल्दी दाग लग जाते हैं और वे पुराने दिखने लगते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने सफेद कपड़ों को लंबे समय तक नए जैसा दिखा सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आप अपने सफेद कपड़ों की चमक और सफाई बनाए रख सकते हैं।



**सही साबुन का चयन करें** : सफेद कपड़ों को धोने के लिए एक अच्छे गुणवत्ता वाले साबुन का उपयोग करें। ऐसे साबुन चुनें, जो खास तौर से सफेद कपड़ों के लिए बनाए गए हों और जिनमें ब्लीच न हो। ब्लीच वाले साबुन आपके कपड़ों के रंग को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके बजाय आप ऐसे साबुन का चयन करें, जो दागों को हटाने के साथ-साथ रंग को बरकरार रखें। आप डिटर्जेंट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जो कपड़ों को अच्छी तरह साफ करते हैं।

**नींबू का रस या सिरका शामिल करें** : नींबू का रस या सिरका आपके सफेद कपड़ों की चमक बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। कपड़ों को धोने से पहले पानी में नींबू का रस या सिरका मिलाएं और उसमें कुछ मिनट के लिए कपड़े भिगो दें। यह न केवल दागों को हटाने में मदद करेगा, बल्कि कपड़ों की सफेदी को भी बढ़ाएगा। नींबू का रस विटामिन-सी से भरपूर होता है, जो कपड़ों को साफ और ताजगी भरा महसूस कराता है।

**हल्के गर्म पानी का उपयोग करें** : सफेद कपड़ों को धोते समय हल्के गर्म पानी का उपयोग करना फायदेमंद हो सकता है। हल्का गर्म पानी दागों को आसानी से निकाल सकता है और गंदगी को गहराई तक साफ कर सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा गर्म पानी कपड़ों को कमजोर कर सकता है, इसलिए उसे हल्का गर्म ही रखें।

**धूप में सुखाएं** : धूप में कपड़ों को सुखाना एक प्राकृतिक तरीका है, जिससे आपके सफेद कपड़े ताजगी भरे महसूस होंगे और उनमें कोई गंध भी नहीं होगी। धूप में सुखाने से न केवल कीटाणु खत्म होते हैं, बल्कि कपड़ों की चमक भी बनी रहती है। इसके लिए बस अपने कपड़ों को बाहर लटकाएं और उन्हें कुछ घंटों तक धूप में छोड़ दें।

इससे आपके सफेद कपड़े लंबे समय तक नए जैसे दिखेंगे और उनमें कोई गंध भी नहीं होगी।

**स्टोर करने का सही तरीका अपनाएं** : जब आप अपने सफेद कपड़ों को स्टोर करते हैं तो ध्यान रखें कि उन्हें किसी गंदे बैग या प्लास्टिक थैले में न रखें, क्योंकि इससे उनके रंग खराब हो सकते हैं। बेहतर होगा कि आप उन्हें सूती कपड़े या कागज के थैले में रखें, ताकि हवा पास होती रहे और कीटाणु न पनपें। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने सफेद कपड़ों को लंबे समय तक नए जैसा दिखा सकते हैं।












## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टॉम के पास इश्क फरमाते कैप्चर हुए कपल, हॉलीवुड सितारों की लगी भीड़



'फीफा वर्ल्ड कप 2026' की ओपनिंग सेरिमनी पर हॉलीवुड सितारों की भीड़ दिखी। इस खास मौके पर टॉम क्रूज से लेकर बेकहम के अलावा केटी पेरी अपने बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो के साथ नजर आईं। इस खास मौके के कई वीडियोज़ सामने आए हैं। वहीं, एक वीडियो में टॉम क्रूज के पास खड़े एक कपल इश्क फरमाते दिख रहे हैं। लॉस एंजिल्स में आयोजित इस भव्य आयोजन में टॉम क्रूज से लेकर डेविड बेकहम, केटी पेरी जैसे हॉलीवुड सितारों ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। सोफी स्टेडियम में पराग्वे के खिलाफ यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका के वर्ल्ड कप के ओपनिंग मैच के दौरान सभी की निगाहें टॉम क्रूज पर जा थमी थीं। अब इस इवेंट के कई वीडियोज़ सोशल मीडिया पर छाए हैं जिनमें टॉम क्रूज को लेकर लोगों की दीवानगी भी खूब दिख रही है। सोशल मीडिया पर छाए इस वीडियो में 'मिशनः इम्पॉसिबल' स्टार और फुटबॉल आइकन डेविड बेकहम साथ नजर आ रहे हैं। एक्टर को देखकर आसपास बैठे लोग उनसे नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। कभी टॉम जर्सी पर ऑटोग्राफ देते तो कभी फैन्स के साथ सेल्फी लेते दिख रहे हैं। यहां तक कि अपने वीआईपी बॉक्स में मौजूद होकर भी नीचे झुकर आसपास बैठे फैन्स से हाथ मिलाते हुए और बातें करते हुए दिख रहे हैं। ग्रुप डी के इस मुकाबले को देखने के लिए क्रूज और बेकहम समेत कई मशहूर हस्तियां मौजूद थीं।

### टॉलीवुड

## राव बहादुर का टीजर रिलीज, सत्यदेव पर भूत सवार या मन का भ्रम!



महेश बाबू के प्रोडक्शन हाउस की बनाई फिल्म 'राव बहादुर', जिसे वेंकटेश महा डायरेक्ट कर रहे हैं और जिसमें सत्यदेव लीड रोल में हैं। ये एक बिल्कुल अनोखा और अलग एक्सपीरियंस लाने के लिए तैयार है। यह फिल्म 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। महेश बाबू की 'राव बहादुर' के शानदार फर्स्ट लुक से दर्शकों को इम्प्रेस करने के बाद मेकर्स ने इसका टीजर रिलीज कर दिया है, जिसने इस फिल्म को आने वाले सबसे अनोखे और दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में से एक बना दिया है। फिल्म को लेकर बढ़ती एक्साइटमेंट के बीच, मेकर्स ने अब 'जस्ट अ टीजर' नाम की एक और झलक रिलीज की है, जो बहादुर राजकुमार के रोल में सत्यदेव स्टारर इस एपिक साइकोलॉजिकल ड्रामा के विजन को और भी करीब से दिखाती है। अब 'राव बहादुर' की दुनिया में कदम रखने का समय आ गया है, क्योंकि आखिरकार 'जस्ट अ टीजर' सामने आ चुका है। फोबिया, भ्रम और बेमिसाल एंटरटेनमेंट से भरपूर यह टीजर एक बिल्कुल अलग और अनोखे सिनेमाई एक्सपीरियंस का वादा करता है। यह झलक एक ऐसी दुनिया की तरफ इशारा करती है जो तेलुगू सिनेमा ने पहले कभी नहीं देखी है और यह दर्शकों के बीच एक हलचल पैदा कर देगी। सत्यदेव एक कमाल के ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि फिल्म का ओवरऑल कैनवस बेहद खूबसूरत, ग्रैंड और विजुअली शानदार लग रहा है। सुपरस्टार महेश बाबू ने अपने सोशल मीडिया पर सत्यदेव स्टारर 'राव बहादुर' का 'जस्ट अ टीजर' शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, 'याद रखिए... यह सिर्फ एक टीजर है.!!

### भोजपुरी

## भोजपुरी फिल्म 'धुरंधर' को हुआ करोड़ों का फायदा



रवि किशन ने 2013 में भोजपुरी एक्शन फिल्म 'धुरंधरः द शूटर' में काम किया था, जिसका जिक्र उन्होंने हाल ही में किया। रवि किशन ने बताया कि आदित्य धर की 'धुरंधर' के कारण लोग अब इस फिल्म को भी जाकर देख रहे हैं, जिसका मेकर्स को फायदा हुआ है। रवि किशन की 2013 की भोजपुरी एक्शन फिल्म 'धुरंधरः द शूटर' अपनी रिलीज के एक दशक से भी ज़्यादा समय बाद अचानक सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है। इस अचानक आई चर्चा की वजह रणवीर सिंह की ब्लॉकबस्टर 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी की जबरदस्त लोकप्रियता है। मुंबई में 'धमाल 4' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान, रवि किशन ने इस अचानक मिली लोकप्रियता पर खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा कि उन्हें इसकी बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी। रवि किशन ने हाल ही में अपनी एक पुरानी भोजपुरी फिल्म में अचानक बढ़ी दिलचस्पी पर खुशी जाहिर की। एक्टर ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'जी हां, मुझे पता है। मेरी जिंदगी में ऐसे धमाकेदार धमाके होते हैं! मैंने 'धुरंधर' नाम की एक फिल्म में काम किया था। यह भी 2025 में आई बॉलीवुड फिल्म 'धुरंधर' जैसी ही थी, लेकिन यह एक खास बजट में बनी भोजपुरी फिल्म थी। अब, क्योंकि लोग बॉलीवुड फिल्म देखना चाहते थे या 'धुरंधर' की लोकप्रियता में डूब गए, तो सबने मेरी 'धुरंधर' ही देख ली! तो, बहुत-बहुत धन्यवाद (हंसते हुए)।' उन्होंने पुरानी फिल्म के मालिकों को हुए अचानक आर्थिक लाभ पर भी मजाक किया, 'इसके निर्माता और इसके अधिकार धारक अचानक करोड़पति बन गए हैं!' लोगों ने भी फिल्म पर जाकर मजेदार कमेंट किए हैं। एक ने लिखा- बॉलीवुड रीमेक बनाना नहीं छोड़ेगा। एक ने कहा- अक्षय खन्ना की एंट्री कब होगी। एक ने लिखा- धुरंधर 1 और 2 के बाद ये भी देख लिया। इसी इवेंट में रवि किशन ने डांस भी किया था। जुलाई 2013 में रिलीज हुई भोजपुरी एक्शन फिल्म 'धुरंधरः द शूटर' एक दशक से भी ज़्यादा समय बाद अचानक फिर से ट्रेंड करने लगी है। इस फिल्म को दीपक तिवारी ने डायरेक्ट किया था और इसमें रवि किशन और संगीता तिवारी लीड रोल में थे।

---

अभिनेत्री दिशा पाटनी अपने स्टाइलिश लुक और खूबसूरती को लेकर खूब सुर्खियां बटोरती हैं। उनकी फिटनेस के फैंस कायल हैं। दिशा पाटनी 34 वर्ष की हो गई हैं। अपने हालिया पोस्ट में उन्होंने कुछ दिलकश फोटोज शेयर किए हैं। दिशा टाइगर प्रिंट की वेस्टर्न ड्रेस पहने दिख रही हैं। उन्होंने अलग-अलग अंदाज में स्टाइलिश पोज दिए हैं। दिशा पाटनी ने बिल्ली के साथ भी पोज दिए हैं।

## टाइगर प्रिंट ड्रेस में दिशा ने दिए दिलकश पोज



लाइफ स्टाइल

## शादी या त्योहार पर मेकअप को देर तक तरोताजा रखने बरतें कुछ सावधानियां

शादी या त्योहार पर हर महिला सजती-संवरती है और इस दौरान मेकअप उनके लुक में चार चांद लगता है। हालांकि, कई बार पसीने और उमस के कारण मेकअप बिगड़ सकता है और लुक खराब हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने चेहरे को तरोताजा रखने के लिए कुछ आसान और प्रभावी मेकअप टिप्स अपनाएं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देते हैं, जिन्हें आजमाकर आप शादी और त्योहर पर भी लॉन्ग-लास्टिंग मेकअप कर सकती हैं।

**प्राइमर का करें इस्तेमाल :** प्राइमर एक ऐसा मेकअप उत्पाद है, जो आपके मेकअप को लंबे समय तक टिकाने में मदद करता है। यह आपके चेहरे की त्वचा को तैयार करता है, ताकि फाउंडेशन और कंसीलर बेहतर तरीके से लगे और लंबे समय तक टिके रहें। प्राइमर लगाने से आपका मेकअप स्मूद और बेहतरीन दिखता है। इसके अलावा यह पसीने और नमी से भी बचाता है, जिससे आपका चेहरा तरोताजा दिखता है। शादी या त्योहार के दिन प्राइमर का उपयोग जरूर करें।

**सेटिंग स्प्रे का करें उपयोग :** सेटिंग स्प्रे आपके मेकअप को लंबे समय तक ताजा बनाए रखने में मदद करता है। इसे लगाने से आपका मेकअप पसीने और उमस से बचा रहता है और पूरे दिन सही दिखता है। सेटिंग स्प्रे मेकअप को अपनी जगह पर रोककर रखता है और फैलने से रोकता है। इसे लगाने के लिए सबसे पहले पूरा मेकअप कर लें, फिर हल्के हाथों से स्प्रे करें और सूखने दें। इससे आप पूरे दिन बिना किसी चिंता के रह सकती हैं।



### ब्लॉटिंग पेपर भी आएगा काम

ब्लॉटिंग पेपर एक ऐसा उत्पाद है, जो आपके चेहरे से अतिरिक्त तेल और पसीने को सोख लेता है। इसे इस्तेमाल करने से आपका मेकअप बिगड़ेगा नहीं और पसीना भी साफ हो जाएगा। ब्लॉटिंग पेपर का उपयोग करने के लिए इसे अपने चेहरे पर हल्के हाथों से दबाएं। खासकर उन हिस्सों पर, जहां अधिक तेल निकलता है जैसे माथा, नाक और गालों के किनारे। इससे आपका चेहरा ताजगी भरा दिखेगा और आपको पूरे दिन आरामदायक महसूस होगा।

## बॉलीवुड अभिनेत्रियों के एयरपोर्ट लुक करते हैं ट्रेंड, आप भी लें फैशन की प्रेरणा

फैशन





एयरपोर्ट पर जाने से पहले हर किसी के मन में एक ही सवाल होता है कि क्या पहनें? इस सवाल का जवाब बॉलीवुड अभिनेत्रियां अपने हवाई यात्रा के दौरान दिखने वाले स्टाइलिश लुक्स से दे देती हैं। उनके कपड़े न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि बहुत सुंदर भी दिखते हैं। आइए आज हम आपको 5 ऐसे फैशन टिप्स देते हैं, जो बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने हमें अपने हवाई यात्रा के दौरान अपने कपड़ों से सिखाए हैं।

**चुनें आरामदायक कपड़े :** बॉलीवुड अभिनेत्रियां हमेशा आरामदायक कपड़े पहनती हैं, जब वे हवाई यात्रा करती हैं। आरामदायक कपड़े, जैसे कि सूती टी-शर्ट, ढीली पैंट या जॉगर्स आपके लिए सबसे अच्छे विकल्प हो सकते हैं। ये कपड़े न केवल यात्रा के दौरान आरामदायक होते हैं, बल्कि आपको स्टाइलिश भी दिखाते हैं। इसके अलावा आप हल्के और सांस लेने वाले फैब्रिक का चयन करें, ताकि आपको सफर के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो।

**लेयरिंग आएगी काम :** हवाई यात्रा के दौरान तापमान में बदलाव हो सकता है, इसलिए लेयरिंग करना एक अच्छा विचार हो सकता है। एक हल्की जैकेट या शॉल आपके लुक को खास बना सकती है और आपको ठंड से बचा सकती है। इसके अलावा लेयरिंग से आप अपने कपड़ों को अलग-अलग तरीकों से पहनकर नए-नए लुक्स भी बना सकती हैं। इससे आपका लुक न केवल स्टाइलिश रहेगा, बल्कि आरामदायक भी महसूस होगा।

**जूते चुनते समय रखें ध्यान :** जूते चुनते समय ध्यान रखें कि वे पूरी तरह से आरामदायक हों। फ्लैट या आरामदायक जूते आपके पैरों को आराम देते हुए पूरे दिन यात्रा करने के लिए सही होते हैं। ऊंची एड़ी के जूते पहनने से बचें, क्योंकि वे लंबे समय तक पहनने पर परेशानी पैदा कर सकते हैं। इसके अलावा फ्लैट या आरामदायक जूते पहनकर आप आसानी से चल सकती हैं और आपका लुक भी स्टाइलिश रहेगा। यह जूते आपकी यात्रा को आरामदायक और फैशनेबल बना सकते हैं।

**एक्सेसरीज का समझदारी से करें चयन :** एक्सेसरीज़ आपके लुक को पूरा करने में अहम भूमिका निभाती हैं। हालांकि, ज्यादा गहनों से बचें, ताकि आपका लुक भारी न लगे।

## चोट के निशान हटाने के लिए अपनाएं प्राकृतिक नुस्खे, त्वचा हो जाएगी साफ

त्वचा पर निशान होने के कारण चोट, जलने या मच्छर आदि का काटना हो सकते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए लोग महंगे त्वचा की देखभाल वाले उत्पाद खरीद लेते हैं या उपचार करवाते हैं। हालांकि, इनकी तुलना में प्राकृतिक नुस्खे ज्यादा असरदार और सस्ते होते हैं।

**नींबू का रस :** नींबू के रस में एक खास प्रकार का एसिड होता है, जो त्वचा की रंगत को हल्का करने में मदद कर सकता है। यह एक प्राकृतिक ब्लीच की तरह काम करता है। इसके अलावा नींबू का रस त्वचा की ऊपरी परत से मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करता है। लाभ के लिए नींबू के रस को सीधे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और 10-15 मिनट के बाद धो लें। नियमित उपयोग से त्वचा की रंगत में सुधार हो सकता है।



**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा जेल में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो त्वचा की मरम्मत करने में मदद करते हैं और दाग-धब्बों को कम करने में सहायक होते हैं। लाभ के लिए ताजे एलोवेरा जेल को प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और इसे कुछ मिनट के लिए छोड़ दें, फिर हल्के गर्म पानी से त्वचा को धो लें। नियमित रूप से इसका उपयोग करने से त्वचा की रंगत में सुधार होता है और चोट आदि के निशान भी मिट जाते हैं।

**नारियल का तेल :** नारियल का तेल एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है, जो त्वचा को नमी देता है और उसे स्वस्थ बनाता है। यह त्वचा के ऊतकों को फिर से बनाने में मदद करता है, जिससे दाग-धब्बे हल्के हो जाते हैं। लाभ के लिए रोजाना रात को सोने से पहले नारियल का तेल प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। सुबह उठकर इसे धो लें। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा मुलायम और चमकदार बनेगी।

## एक बार करें चुनिंदा फैशन आइटम में निवेश कर सकेंगे लंबे समय तक इस्तेमाल

फैशन में निवेश करना एक कला है। सही निवेश आपके स्टाइल को निखार सकता है और लंबे समय तक टिक सकता है। सही कपड़े और एक्सेसरीज चुनने से आपका लुक न केवल बेहतरीन लगेगा, बल्कि आपको आत्मविश्वास भी देगा।

**एक अच्छी गुणवत्ता वाला कोट :** एक अच्छी गुणवत्ता वाला कोट आपके कपड़ों का अहम हिस्सा हो सकता है। यह न केवल ऑफिस के माहौल में आपको पेशेवर लुक देगा, बल्कि रोजमर्रा के कपड़ों के साथ भी अच्छा लगेगी। कोट की सही फिटिंग और रंग चुनना जरूरी है, ताकि यह आपके शरीर पर अच्छे से बैठे और हर मौके पर पहना जा सके। एक कोट आपके कपड़ों को एक नया अंदाज दे सकता है और आपको हर स्थिति में आत्मविश्वास से भरा दिखा सकता है।



**सफेद कमीज :** सफेद कमीज एक ऐसा कपड़ा है, जो कभी भी फैशन से बाहर नहीं होता। इसे आप जींस, पैंट या स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। सफेद कमीज हर मौके पर अच्छी लगती है और इसे अलग-अलग तरीकों से पहना जा सकता है। सफेद कमीज की सही फिटिंग होना बहुत जरूरी है, ताकि यह आपके शरीर पर अच्छी तरह बैठे और हर मौके पर पहनी जा सके। इसके साथ आप अलग-अलग गहने जोड़कर अपने लुक को खास बना सकती हैं।

**काले रंग की जींस :** काले रंग की जींस हर किसी की अलमारी में होनी चाहिए, क्योंकि यह हर मौके पर अच्छी लगती हैं। इसे आप किसी भी प्रकार के टॉप या टी-शर्ट के साथ पहन सकती हैं और अलग-अलग स्टाइल में इस्तेमाल कर सकती हैं। काले रंग की जींस का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे आप रोजमर्रा से लेकर सेमी-फॉर्मल तक, हर तरह के कपड़ों में इस्तेमाल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### प्राकृतिक सुंदरता को देती हैं प्राथमिकता

## फ्रेंच महिलाओं जितनी खूबसूरत नजर आना चाहती हैं तो सीखें उनके मेकअप टिप्स

फ्रेंच महिलाएं अपने सरल और प्राकृतिक मेकअप स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। उनका मेकअप हमेशा साफ, ताजा और कम से कम होता है, जिससे उनका चेहरा निखरा हुआ लगता है। वे भारी मेकअप से बचती हैं और प्राकृतिक सुंदरता को प्राथमिकता देती हैं। इस लेख में हम कुछ ऐसे मेकअप टिप्स साझा करेंगे, जो फ्रेंच महिलाओं से सीखे जा सकते हैं। इनकी मदद से आप भी बला की खूबसूरत लगेंगी।



### बेस मेकअप पर ध्यान दें

फ्रेंच महिलाएं हमेशा बेस मेकअप पर खास ध्यान देती हैं। वे भारी फाउंडेशन का इस्तेमाल नहीं करतीं, बल्कि हल्के मॉइस्चराइजर या क्रीम का उपयोग करती हैं। इससे उनकी त्वचा को हल्का कवरेज मिलता है और वह प्राकृतिक दिखती है। इसके लिए अपने त्वचा के रंग के अनुसार सही शेड चुनें, ताकि आपका चेहरा एकसार लगे और उसमें निखार आए।

### आंखों पर हल्का मेकअप करें

फ्रेंच महिलाएं आंखों पर बहुत ज्यादा मेकअप नहीं करतीं। वे केवल मस्कारा और पतला आईलाइनर लगाना ज्यादा पसंद करती हैं, ताकि उनकी आंखें बड़ी और आकर्षक दिखें। इसके अलावा वे भूरे रंग के आई शैडो का इस्तेमाल करती हैं, जो उनकी आंखों को कोमल और सुंदर बनाता है। अगर आप चाहें तो आंखों पर हल्का-सा आई शैडो लगा सकती हैं, जिससे आपकी आंखें और भी खूबसूरत दिखेंगी।

### लाल रंग की लिपस्टिक लगाएं

फ्रांस की महिलाएं बाकी मेकअप भले ही हल्का रखना पसंद करती हैं, लेकिन अपनी लिपस्टिक से समझौता नहीं करती हैं। उन्हें गहरे लाल रंग की लिपस्टिक पसंद आती हैं, जो उनकी प्राकृतिक सुंदरता को निखारती हैं और ध्यान आकर्षित करती हैं। आपको अपनी त्वचा की रंगत के हिसाब से सही लाल शेड चुनना चाहिए, जो आप पर जंचेगा।

### गालों पर ब्लश लगाएं

गालों पर ब्लश लगाना फ्रेंच मेकअप का अहम हिस्सा है। वे हमेशा हल्के गुलाबी या पीच रंग का ब्लश चुनती हैं, जो उनकी त्वचा को ताजगी देता है। ब्लश लगाने से आपका चेहरा ताजा और निखरा हुआ दिखेगा। इसके लिए ब्रश की मदद से गालों पर हल्के हाथों से ब्लश लगाएं, जिससे आपका चेहरा प्राकृतिक और मनोहर लगेगा।



### प्राकृतिक उत्पादों का उपयोग करें

फ्रेंच महिलाएं हमेशा प्राकृतिक उत्पादों का उपयोग करती हैं, ताकि उनकी त्वचा स्वस्थ रहे। वे हर्बल फेस पैक और नारियल का तेल आदि का इस्तेमाल करती हैं, जो उनकी त्वचा को पोषण देते हुए उसे सुंदर बनाए रखते हैं। इन सरल टिप्स से आप भी फ्रेंच महिलाओं की तरह प्राकृतिक मेकअप कर सकती हैं और अपने चेहरे को निखरा हुआ दिखा सकती हैं। याद रखें कि कम मेकअप में ही सुंदरता छिपी होती है, जो आपके आत्मविश्वास को बढ़ाती है।